
डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5

सिनेमाः ऐश्वर्या राय बच्चन के बचपन की तस्वीर हुई वायरल

वर्ष -08 अंक -39 | प्रयागराज, गुरूवार 14 अप्रैल, 2022 | पृष्ठ- 10 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### अब एक साथ कर सकेंगे दो डिग्री कोर्सों की पढ़ाई, यूजीसी चेयरमैन ने कहा विश्वविद्यालय की मर्जी पर निर्भर करेगा इस तरह का कोर्स कराना

**नई दिल्ली।** छात्र अब एक साथ दो डिग्री कोर्सो की पढ़ाई कर सकेंगे। यह कोर्स या तो सुबह और शाम की पाली में हो सकते हैं या फिर एक फिजिकल मोड में तो दूसरा आनलाइन मोड में हो सकता है। दोनों कोर्स की पढ़ाई आनलाइन मोड भी हो सकती है। ऐसा इसलिए किया गया है कि ताकि फिजिकल मोड में ही दो कोर्सों में दाखिला लेने से छात्रों के सामने उपस्थिति का संकट ना पैदा हो। हालांकि इस तरह का कोर्स कराना या नहीं कराना विश्वविद्यालयों की मर्जी पर होगा। अगले एक-दो दिनों में इसे लेकर गाइडलाइन जारी कर दी जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के चेयरमैन एम जगदीश कुमार ने एक सवाल के जवाब में कहा कि दो डिग्री कोर्स छात्रों द्वारा एक ही विश्वविद्यालय से या फिर अलग-अलग विश्वविद्यालयों से भी किया जा सकेगा। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी दो डिग्री कोर्स शुरू करने की सिफारिश की गई है। इसमें छात्रों को एंट्री और एक्जिट के विकल्प मुहैया कराने पर जोर दिया गया है।

### मुंबई महानगर बना 2021 का 'ट्री सिटी आफ द वर्ल्ड'

**मुंबई ।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई ने पर्यावरण संरक्षण के मामले में भी विश्व स्तर पर झंडा गाड़ दिया है। उसे संयुक्त राष्ट्र ने 2021 का 'ट्री सिटी आफ द व?र्ल्ड' यानी 'वृक्षनगरी' घोषित किया है। मुंबई सरकारी एवं गैरसरकारी क्षेत्रों में वृक्षों के संरक्षण एवं रखरखाव में अव्वल रहा है। पिछले सप्ताह अरबोर डे फाउंडेशन के सीईओ डैन लैंब ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के उद्यान विभाग को यह खुशखबरी देते हुए बताया कि मुंबई को 2021 का ट्री सिटी आफ द व?र्ल्ड होने का सम्मान प्राप्त हुआ है। यह सम्मान मिलने के बाद राज्य के पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे ने भी इस उपलब्धि के लिए बीएमसी अधिकारियों की पीठ थपथपाई।


## अकबरुद्दीन ओवैसी के हेट स्पीच मामले में आज आ सकता है कोर्ट का फैसला

**हैदराबाद।** सांसद असदुद्दीन ओवैसी के छोटे भाई अकबरुद्दीन ओवैसी के हेट स्पीच के मामले में आज फैसला आ सकता है। एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई की थी, लेकिन इस मामले पर बुधवार तक फैसला टाल दिया था। इस दौरान आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी भी नामपल्ली कोर्ट परिसर पहुंचे थे। वहँ छ्छ्छ् के अध्यक्ष और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी के छोटे भाई हैं। दरअसल, अदालत ने पिछले हफ्ते 2012 में दो सार्वजनिक सभाओं में अकबरुद्दीन द्वारा दिए गए कथित नफरत भरे भाषणों से संबंधित मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को इस मामले में फैसला आने की उम्मीद थी। लेकिन हैदराबाद की एक अदालत ने नेता अकबरुद्दीन ओवैसी से जुड़े 2012 के कथित अभद्र भाषा के मामले में फैसला बुधवार तक टाल दिया। अकबरुद्दीन के खिलाफ पुलिस ने दो मामले दर्ज किए गए थे। 8 और 22 दिसंबर 2012 दिए गए उनके भड़काऊ भाषण के संबंध में आदिलाबाद और निजामाबाद जिलों के थाने में ये मामला दर्ज किया गया था। नेता को 7 जनवरी 2013 को उनके भाषणों के सोशल नेटवर्किंग साइटों पर वायरल होने के बाद गिरफ्तार किया गया था। बता दें कि अकबरूद्दीन पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) धारा 120-बी (आपराधिक साजिश), 153-ए (धर्म के आधार पर दो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। लगभग जेल में 40 दिन बिताने के बाद अकबरूद्दीन को अदालत ने जमानत दे दी थी। हालांकि, 2016 में पुलिस ने अकबरुद्दीन के खिलाफ आदिलाबाद जिले की एक अदालत में आरोप पत्र दायर किया था। जब राज्य सरकार ने उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी। गौरतलब है कि 2012 में अकबरूद्दीन ने भड़काऊ भाषण में कहा था कि 15 मिनट के लिए पुलिस हटा ली जाए तो वे दिखा देंगे कि कैसे 25 करोड़ मुसलमान 100 करोड़ हिंदुओं का कत्लेआम कर सकते हैं नेता के खिलाफ विभिन्न पुलिस स्टेशनों में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पिछले महीने तेलंगाना उच्च न्यायालय ने एक ही मामले में कई प्राथमिकी को जोड़ने का आदेश दिया था। उनके वकील ने तर्क दिया है कि एक कथित अपराध पर कई प्राथमिकी नहीं हो सकती हैं।



## अमित शाह ने भारत को 'विश्व गुरु' बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों का किया आह्वान, कहा- दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करने की जरूरत

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मौजूदा समय देश के विकास के लिए अमृत काल है। ऐसे में सभी लोगों को पार्टी विचारधारा से ऊपर उठकर काम करने की जरूरत है, ताकि देश को विश्व गुरु का गौरव फिर से दिलाया जा सके। उन्होंने अमृत काल के अगले 25 वर्षो को देश के विकास के लिए अहम बताया। कहा कि यदि इस मौके पर हर नागरिक एक-एक ही संकल्प ले तो 130 करोड़ संकल्प देश को महान बनाएगा। देश की गिनती दुनिया के विकसित देशों में होने लगेगी। गृह मंत्री शाह मंगलवार को आजादी के 75वें वर्ष के मौके पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव आयोजनों को लेकर राज्यों के पर्यटन और संस्कृति मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। शाह आजादी के अमृत महोत्सव आयोजनों के अमल को लेकर बनाई गई राष्ट्रीय कमेटी के अध्यक्ष भी हैं। इस मौके पर उन्होंने राज्य सरकारों से कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में लोगों की भागीदारी कैसे बढ़ाई जाए, इस दिशा में काम करें। नई पीढ़ी को आजादी के संघषी और देश के साथ जोड़ने का यह एक सुनहरा मौका है। अपने-अपने राज्य में कुछ ऐसे स्थानों को विकसित करें, जो नई पीढ़ी की चेतना का केंद्र बने। उन्होंने दिल्ली में लाल किले को दिए गए नए स्वरूप का भी जिक्र किया और सभी से कहा कि वे वहां देखकर आएं। गृह मंत्री ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस मुहिम में पार्टी विचारधारा से ऊपर उठकर काम करने की जरूरत बताई। कहा कि हमें नहीं पता है कि 25 वषी के बाद देश का प्रधानमंत्री कौन होगा और किस पार्टी की सरकार होगी कोई भी हो लेकिन देश रहेगा। इसलिए सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस मिशन को सफल बनाना चाहिए। देश को दुनिया में अग्रणी राष्ट्र बनाने के लिए सभी को मिलकर मिलकर प्रयास करना होगा। शाह ने अब तक के आयोजनों का पूरा ब्योरा रखा और बताया कि अमृत महोत्सव के तहत देश-विदेश में 25 हजार कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इनमें राज्यों की ओर से करीब 72 सौ कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जो केंद्र के मुकाबले काफी कम है। उन्होंने राज्यों से इसकी संख्या बढ़ाने को कहा। इससे जुड़े आयोजनों को गांव-गांव तक पहुंचाने की सलाह दी। सम्मेलन को केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने भी संबोधित किया। कहा कि आने वाले दिनों में अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों की संख्या तेजी से बढ़ेगी। राज्यों के साथ चर्चा कर पूरी योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।




## अमेरिका में पहले भी आतंकियों के लिए आसान निशाना रहे हैं सब-वे, जानें पूर्व में कब-कब हुए हमले

**नई दिल्ली।** न्यूयार्क में सब-वे पर एक बार फिर हमला हुआ है। ब्रूकलिन में हुए इस हमले से एक बार फिर साबित किया है कि अमेरिका में सब-वे हमलावरों के लिए आसान निशाने की तरह बनते जा रहे हैं। दिसंबर 2021 याद कीजिए जब क्रिसमस के अगले दिन जश्न के माहौल के बीच अचानक ही अमेरिका में 24 घंटे के भीतर एक के बाद एक चार हमले हुए थे। पहला हमला रात 2.30 बजे करीब ब्रूकलिन में हुआ जब एक व्यक्ति में ट्रेन के गार्ड पर द्रव से भरा कंटेनर फेंका। इसके कुछ समय बाद ट्रिबेका सब-वे में सुबह लगभग आठ बजे ट्रेन में सवार होने जा रही एक महिला पर चाकू से हमला किया गया। इसके पहले हमलावार ने महिला के सिर पर मुक्कों से प्रहार किया था। इसी दिन सुबह 11 बजे करीब ब्रूकलिन पर एक बार फिर भयावह घटना हुई जब एक व्यक्ति को धक्का देकर ट्रेन की पटरी पर गिरा दिया गया। उसी रात निचले मैनहटन में सब-वे में एक व्यक्ति में चार राउंड फायर करके दहशत का माहौल बना दिया। हालांकि किसी को गोली नहीं लगी। अमेरिका में हुए लोन वोल्फ अटैक यानी एक व्यक्ति द्वारा किए गए हमलों की बात करें तो निचले मैनहटन में हडसन नदी के किनारे एक व्यक्ति ने साइकिल ट्रैक पर मौजूद लोगों पर किराए की कार चढ़ा दी थी। इसमें आठ लोग मारे गए और 15 घायल हुए थे। उज्बेक हमलावर आतंकवादी संगठन से प्रभावित था। 2017 में 11 दिसंबर को ब्रूकलिन में रहने वाले एक बांग्लादेशी व्यक्ति ने टाइम्स स्क्वाएर में खुद को बम से उड़ाने का प्रयास किया। तकनीकी कारणों से बम फटा नहीं। वह भी इस्लामिक स्टेट की आतंकी गतिविधियों और विचारों से प्रभावित था।



## स्वदेशी रूप से देश में ही विकसित वाहनों को जनरल नरवणे ने सेना में किया शामिल

**पुणे।** सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने मंगलवार को यहां बांबे इंजीनियर गुरूप (बीईजी) और सेंटर में आयोजित एक समारोह में देश में विकसित विशेष वाहनों को सेना में शामिल किया। उन्होंने टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड (टीएएसएल) द्वारा विकसित क्विक रिएक्शन फाइटिंग व्हीकल मीडियम (क्यूआरएफवी), इन्फेंट्री प्रोटेक्टेड मोबिलिटी व्हीकल (आइपीएमवी), अल्ट्रा लांग रेंज आब्जर्वेशन सिस्टम और भारत फोर्ज द्वारा निर्मित मोनोकोक हल मल्टी रोल माइन प्रोटेक्टेड अर्म्ड व्हीकल के पहले सेट को शामिल किया सेना प्रमुख ने सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल को मजबूत करने और पिछले कई दशकों से भारतीय सेना के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए टाटा और भारत फोर्ज की सराहना की। टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड ने कहा कि वह सशस्त्र बलों के लिए युद्ध के लिए तैयार वाहनों के उत्पादन तथा उनकी आपूर्ति करने वाली भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गई है। टीएएसएल तैनाती वाले स्थानों पर वाहनों के रखरखाव के लिए 24 घंटे सहायता प्रदान करेगी।



## गोवा पुलिस ने किया कांग्रेस नेता धर्मेश सगलानी को गिरफ्तार, 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप


**पणजी।** गोवा पुलिस ने कांग्रेस के कद्दावर नेता धर्मेश सगलानी को गिरफ्तार किया है। सगलानी को 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में क्राइम ब्रांच ने अपने शिकंजे में लिया है। एसपी आरोप में सगलानी के अलावा उनके पांच दोस्तों को भी पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया है। सगलानी को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा। बता दें कि कांग्रेस नेता के खिलाफ हरियाणा



शोभित डी सक्सेना ने इसकी जानकारी दी है। सगलानी के खिलाफ इस मामले में केस दर्ज किया गया थ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कांग्रेस नेता को आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के चलते गिरफ्तार किया गया है। 50 लाख की रंगदारी मांगने के के फरीदाबाद में अंकित जजोडिया नाम के शख्स ने शिकायत दर्ज कराई थी। गौरतलब है कि धर्मेश सगलानी ने हाल ही में सांकलिम सीट से मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के खिलाफ चुनाव लड़ा था। भाजपा के प्रमोद सावंत ने सगलानी को 650 वोटों के अंतर से चुनाव हरा दिया था।

## राजनाथ सिंह का पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ को दो टूक जवाब- आतंकवाद को खत्म करने पर लगाएं ध्यान

**वाशिंगटन।** अमेरिका की यात्रा पर गए भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को शुभकामनाएं दी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने पीएम शहबाज शरीफ को कहा है कि भारत चाहता है कि वो अपने यहां पर आतंकवाद पर अंकुश लगाएं। उन्होंने ये भी कहा कि पाकिस्तान को चाहिए कि वो अपनी धरती का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए बंद करे। गौरतलब है कि राजनाथ सिंह फिलहाल अमेरिका के पांच दिवसीय दौरे पर वाशिंगटन डीसी में हैं। उनके इस दौरे का मकसद दोनों देशों के बीच संबंधों को और अधिक मजबूत करना है। इस बीच पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने सत्ता पर काबिज होने के बाद दिए अपने पहले संबोधन में कश्मीर का राग अलापाा था। इसके ही जवाब में राजनाथ सिंह ने भी जवाब दिया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय वार्ता में आतंकवाद का मुद्दा उठना जरूरी है। अमेरिका संग हुई टू प्लस टू वार्ता में भी आतंकवाद के मुद्दे पर बातचीत हुई। उनके मुताबिक स मुद्दे पर अमेरिका से केवल विचार-विमर्श किया गया। इस पर अमेरिका के आश्वासन का कोई सवाल ही नहीं है। एएनआई को दिए एक इंटरव्यू में राजनाथ सिंह ने रूस के बाबत पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि स्पेयर पार्ट्स के लिए भारत रूस पर निर्भर है और हमें इसकी कमी का सामना भी करना पड़ सकता है। लेकिन यदि ऐसा होता है तो भारत उसके लिए भी तैयार है। उन्होंने साफ कहा कि इस मुद्दे पर अमेरिका के साथ उनकी कोई बातचीत नहीं हुई है। एक अन्य सवाल के जवाब में राजनाथ सिंह ने कहा कि इसमें कोई दोराय नहीं है कि अमेरिका और भारत एक पारंपरिक सहयोगी हैं। भारत सभी देशों के साथ बेहतर संबंध चाहता है। इस इंटरव्यू में उन्होंने बेबाकी से कई सवालों के जवाब दिए। अमेरिका द्वारा भारत को सस्ती कीमत में डिफेंस सिस्टम मुहैया कराने से बाबत एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कम कीमत का फायदा हमें केवल तभी हो सकता है जब हमें उस सिस्टम की जरूरत हो और हम उसको बनाने में असमर्थ हों। ऐसी स्थिति में ही हम उस सिस्टम को खरीदने की तरफ कदम बढ़ाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि भारत आत्मनिर्भर बनने की दिशा में काम कर रहा है। जहां तक अमेरिका से हुई बातचीत का सवाल है तो इसमें कहीं भी नकारात्मकता दिखाई नहीं देती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि वो अमेरिकी कंपनियों का भारत में स्वागत करते हैं।





## शांति भंग के तहत तीन गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** कोतवाली अंतर्गत आटा बाबूगंज निवासी मोहित कुमार बिंद उम्र 20 वर्ष पुत्र राज कुमार, राकेश कुमार बिंद उम्र 25 वर्ष पुत्र राम आसरे, राम कुमार उम्र 20 वर्ष पुत्र राम आसरे निवासी आटा बाबूगंज थाना फूलपुर को जमीनी विवाद के चलते आमादा फसाद फौजदारी के दृष्टिगत थाना अध्यक्ष अमित कुमार राय के निर्देश पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर एसआई माजिद खान, कांस्टेबल पुनीत कुमार द्वारा शांति व्यवस्था के तहत विधिक कार्यवाही की गई।

## सीएचसी फूलपुर में बिजली न रहने पर मोबाइल की रोशनी में की जाती है मेडिकल जांच

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर में बिजली चली जाने पर एमएलसी या तो अंधेरे में, या फिर डीजल नहीं मंगवाया जाता। सोलर प्लांट की जानकारी ली गई तो पता चला कि तकनीकी खराबी से बंद पड़ा है। जबकि कथित रूप से 1 दिन पूर्व सोमवार को सी एम ओ



मोबाइल टॉर्च से की जाती है। मंगलवार दोपहर आधा दर्जन बाइक चोरी के मुलजिम मेडिकल चेकअप हेतु भेजे गए। उस समय बिजली नहीं थी। तो मोबाइल की लाइट से एमएलसी की गई। जनरेटर के बारे में जानकारी की गई तो पता चला प्रयागराज नानक सरन सीएचसी में 2 घंटे मौजूद रहे और यहां की समस्या नहीं जानी। बताया जाता है। कि जबसे अधीक्षक सुनील पांडेय आये तब से सीएचसी से पीएचसी तक अव्यवस्थाओं का बोलबाला है।

## राम के वादों को पूरा करने श्रीलंका से निकली 'श्रीराम वन गमन पथ काव्य यात्रा'

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**प्रयागराज।** भगवान श्रीराम जब अयोध्या से वनवास के लिए रवाना हुए तो वन में न जाने कितने लोगों से उनकी मुलाकात होती है। वह उन सब से फिर लौटकर आने का वादा करते हुए वह आगे बढ़ते गए लेकिन वह लंका से लौटते समय उन तक फिर नहीं पहुंच सके। क्योंकि भरत को वचन दे चुके थे कि 14 बरस पूरे होते ही वह किसी भी स्थिति में अयोध्या लौट आएंगे। पादुका रखे गए और फिर वहां से अयोध्या के लिए रवाना हुई। वन जाते समय जहां जहां रामचंद्र जी रूके वहां पर यह यात्रा रूकती है और लोगों से बातचीत करती है। यहां श्रीराम के प्रति उनका समर्पण और विश्वास देखने को मिलता है। यह यात्रा के आठ राज्य आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड, छत्तीसगढ़ होती वापस यूपी आयी है। काव्य पाठ के दौरान ऋचा त्रिपाठी ने बताया कि जब-जब धरती पर त्राहि-त्राहि मची,




14 बरस पूरे हो चुके थे इसलिए वह लंका से अयोध्या चले गए। अब उनके इस वादे को पूरा करने के लिए 'श्रीराम वन गमन पथ काव्य यात्रा' निकाली गई और काव्य पाठ का आयोजन भी किया गया। यह काव्य पाठ 75 घंटे तक लगातार चलता रहा जिसमें 750 लोगों ने भाग लिया। आपको बता दें कि यात्रा श्रीलंका से चलकर अयोध्या तक पहुंची। यात्रा की खास बात यह है कि जिन 232 स्थानों पर श्रीराम ठहरे थे उस पवित्र स्थान पर यह यात्रा पहुंचेगी। मंगलवार को यह यात्रा प्रयागराज पहुंची। यहां रामनवमी के दिन 10 अप्रैल को अयोध्या में भव्य कार्यक्रम के साथ इसका समापन होगा। यह यात्रा 26 फरवरी को श्रीलंका से चली। एक मार्च को रामेश्वरम के अशोक वाटिका में पूजा हुई और इस रथ पर श्रीराम व मां सीता के चरण अत्याचारियों के अत्याचार बढ़े, तब-तब भगवान ने अवतार लिया और धरती से पाप व अत्याचार को मिटाकर धरती का उद्धार किया। ऋचा त्रिपाठी ने कहा कि राम नाम की महिमा भी अपरंपार है। राम नाम का स्मरण करके हम जीवन के कष्टों का निवारण कर सकते हैं। भगवान राम की चारित्रिक जीवन व शिक्षाएं आज भी सर्वथा प्रासंगिक हैं। चैत्र शुक्ल नवमी के दिन तेत्रा युग में रघुकुल शिरोमणि महाराज दशरथ एवं महारानी कौशल्या के यहां अखिल ब्रह्मांड नायक अखिलेश ने पुत्र के रूप में जन्म लिया था। दिन के बारह बजे जैसे ही सौंदर्य निकेतन, शंख, चक्र, गदा, पद्म धारण किए हुए चतुर्भुजधारी श्रीराम प्रकट हुए तो मानो माता कौशल्या उन्हें देखकर विस्मित हो गईं। उनके सौंदर्य व तेज को देखकर उनके नेत्र तृप्त नहीं हो रहे थे।

## नैनी जेल में बंद प्रयागराज के ब्लाक प्रमुख की पांच संपत्ति होगी कुर्क

प्रयागराज, । यूपी की दूसरी बार सत्ता में आई योगी आदित्यनाथ की सरकार ने एक बार फिर माफियाओं, अपराधियों पर सख्ती तेज कर दी है। इसी क्रम में प्रयागराज में भी इसे लेकर कार्रवाई तेज कर दी गई है। इसी क्रम में कौड़िहार ब्लाक प्रमुख मुजफ्फर पर भी कार्रवाई होगी। नैनी जेल में बंद ब्लाक प्रमुख की संपत्तियों को कुर्क किया जाएगा। ब्लाक प्रमुख पर कई मामलों में मुकदमा दर्ज है। प्रयागराज के नैनी जेल में बंद कौड़िहार ब्लाक के ब्लाक प्रमुख मुजफ्फर की पांच संपत्तियां कुर्क करने का आदेश हो गया है। जिलाधिकारी की ओर से जारी आदेश के अनुपालन में पुलिस ने कार्रवाई भी शुरू कर दी है। धूमनगंज थाना क्षेत्र में ब्लाक प्रमुख की पांच संपत्तियां ऐसी हैं, जिन्हें आज कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

## सात मोटर साईकिल व नकदी के साथ अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद प्रयागराज द्वारा दिए गए आदेशों के अनुपालन में, पुलिस सुरेश प्रसाद उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम ढोकरी थाना फूलपुर, राजू भारतीया पुत्र राजेंद्र प्रसाद उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम सराय लिली उर्फ खोजापुर थाना फूलपुर, अरुण




अधीक्षक गंगापार के निर्देशन में क्षेत्रारधिकारी फूलपुर के पर्यवेक्षण में द्वारा थानाध्यक्ष फूलपुर के नेतृत्व में उप निरीक्षक जय सिंह नारायण यादव व पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण में अंशु यादव पुत्र संजीव कुमार यादव उम्र करीब 19 वर्ष निवासी सराय लिली उर्फ खोजापुर, थाना फूलपुर, मुकेश कुमार पुत्र स्व राम सिंह यादव उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम ढोकरी थाना फूलपुर, अमित कुमार पुत्र कुमार पटेल पुत्र जोखू लाल उम्र करीब 35 वर्ष निवासी कुतुबपट्टी उर्फ अहियापुर थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज के कब्जे से कुल साथ दुपहिया वाहन के साथ 1800 रूपये नक़दी, परासिनपुर नहर पुलिया, थाना फूलपुर प्रयागराज से बरामद किया गया। अभियुक्तों पर माल बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0 सं0 117/2022 धारा 411/ 413/ 414/ 419/ 420/ 467/ 468 पंजीकृत कर आवश्यक कार्यावही की गई।

## फूलपुर प्लाइ ओअर के नीचे बने रेलबे क्रसिंग दे रहा है मौत का दावत

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग जौनपुर फूलपुर तहसील के पास बने फ्लाईओवर के नीचे रेलवे क्रॉसिंग है जोंकि फ्लाईओवर बनने के कारण ऊपर से आने जाने का रास्ता क्लियर है लेकिन जो रेलवे क्रॉसिंग पुराना बना था वहां पर अब भी गाडियों का आना जाना लगा रहता है जिसमें पैदल यात्री साइकिल यात्री मोटरसाइकिल यात्री का आना जाना सदैव बना रहता है और वहां पर ना तो कोई फाटक बना है ना तो वहां पर कोई गार्ड रहते हैं इस कारण यात्री बिना जान के परवाह करते हुए दो पहिया वाहन लेकर जाते रहते हैं जब गाड़ी आती है तो वहां पर भीड़ लग जाती जिसके कारण दुर्घटना का माहौल बना रहता है बता दें कि आज दोपहर मैं एक यात्री अपनी बाइक को लेकर उसी क्रशिंग से पार कर रहा था अचानक जर्जर सड़क पर उसकी गाड़ी फंस गई और ट्रेन अपनी रफ्तार से आ रही थी ट्रेन मैं दो पहिया गाड़ी को घसीटते होते हुए आगे निकल गई दोपहिया सवार भागकर अपनी जान बचाई गाड़ी एक्सीडेंट होने के बाद गाड़ी का पुर्जा पुर्जा टूट गया रेलवे कितनी लापरवाही की ना तो वह फाटक बंद कर पा रही है ना तो रोड की मरम्मत हो पा रही है

## सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के बेबसी की कहानी, रिपोर्ट दर्ज कराने 17 किमी पैदल चलना पड़ा

**प्रयागराज।** एक महिला के बेबसी की कहानी सुनें। जिस पर उसने विश्वास किया उसने अपने रिश्तेदार के साथ उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। उसके बाद की दास्तां तो और भी मार्मिक है। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए उसे एक थाने से दूसरे थाने जाना पड़ा। ऐसा करने में उसे करीब 17 किमी पैदल चलना पड़ा। तब जाकर आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज हुआ। दूसरी ओर पुलिस का क्या कहना है, इस खबर में आप भी पढ़ लें। यह घटना यूपी के प्रतापगढ़ जिले का है। प्रयागराज के नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला को अपनी सहेली के भाई पर विश्वास करना महंगा पड़ा। इस गांव की एक महिला अपनी सहेली बीनू पांडेय निवासी मुरली का पुरवा बाघराय के घर गई हुई कोतवाली क्षेत्र के बाबूगंज के पास एक सुनसान बाग में बोलेरो गाड़ी खड़ी की। उससे छेड़छाड़ शुरू तो उसने शोर मचाना शुरू किया। उसने भरसक उनसे छूटने का प्रयास किया, लेकिन नहीं सफल हुई। दोनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद महिला को सुनसान सड़क पर छोड़ कर भाग निकले। अनहोनी के बाद महिला किसी तरह वहां से घर लौटी और स्वजनों को सारी जानकारी दी। पीडित महिला की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ दुष्कर्म समेत कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। कुंडा कोतवाल प्रदीप कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पीडिता का कहना कि वह पहले कुंडा कोतवाली गई



थी। वहां से वह 11 अप्रैल की दोपहर दवा लेने के लिए कुंडा जा रही थी। उसकी सहेली ने कहा कि रुको मेरा भाई नागेश्वर भी बोलेरो से कुंडा जा रहा है। उसके साथ चली जाना और दवा ले लेना। महिला का आरोप है कि सहेली का भाई नागेश्वर मिश्र पुत्र भगवती प्रसाद मिश्र निवासी बहरिया थाना हथिगवां व नागेश्वर के भाई का साला पप्पू पुत्र अज्ञात निवासी राजापुर चित्रकूट ने उसके साथ दुष्कर्म किया। दोनों ने कुंडा और वहां से उसे बाघराय थाने भेजा गया. वहां से वापस उसे कुंडा कोतवाली लौटा दिया गया। ऐसे में उसे 17 किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। कुंडा कोतवाल प्रदीप कुमार का कहना है कि महिला पहली बार शिकायत लेकर आई, मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। उसके इस आरोप की भी जांच होगी। वहीं एसओ बाघराय अखिलेश कुमार का कहना है कि महिला मेरे यहां नहीं आई थी।

## राजा भइया के करीबी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रत्याशी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल हुए विजयी

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन में उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य की मतगणना क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी में संपन्न हुई जिसमें राजा भैया के करीबी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रत्याशी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल एक बार पुनः विधान परिषद सदस्य चुने गए।उन्होंने भाजपा प्रत्याशी हरि प्रताप सिंह को1107 मतों से पराजित किया। उन्हें1721मत जबकि अक्षय प्रताप सिंह गोपाल को 614मत मिले।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, प्रेक्षक कंचन वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी की निगरानी में मतगणना सम्पन्न हुई।मतगणना स्थल पर सभी मतगणना कार्मिक तथा सुरक्षा बल प्रातः 7 बजे से ही पहॅुचकर मुस्तैदी के साथ निर्धारित स्थलों पर डटे रहे। मतगणना स्थल के बाहर सीओ सिटी अभय पाण्डेय निरन्तर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्रा एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सुरेन्द्र प्रताप सिंह मतगणना स्थल पर निरन्तर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा परिणाम की घोषणा की गयी तथा विजयी प्रत्याशी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रत्याशी अक्षय प्रताप सिंह को प्रमाण



निर्देश देते रहे। मतगणना प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ हुई, सबसे पहले सभी बैलेट बाक्स में पड़े मतों को मिक्सिंग करके बंडल बनाया गया तत्पश्चात् 6 मतगणना टेबल पर मतगणना पर्यवेक्षक सहित गणना सहायकों द्वारा मतगणना की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई।मतगणना समाप्त होने पर भारत निर्वाचन आयोग की अनुमति से पत्र दिया गया। इस अवसर पर विधायक कुण्डा रघुराज प्रताप सिंह, विधायक बाबागंज विनोद कुमार भी उपस्थित रहे।मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराने में अपर उपजिलाधिकारी (प्रथम) डीपी सिंह, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सदर बृजेश कुमार प्रसाद, उपजिलाधिकारी एस0एन0 यादव, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, प्राचार्य अफीम कोठी शिव प्रकाश, डीसी मनरेगा इन्द्रमणि तिवारी, डीसी एन0 आर0 एल0एम0 डा0 नागेन्द्र नारायण सहित अन्य अधिकारियों ने अपने अपने दायित्वों को सफलतापूर्वक निर्वहन किया। प्रतापगढ़ स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन में उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य पद के जारी मतगणना परिणाम के अनुसार जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रत्याशी अक्षय प्रताप सिंह को 1721 मत, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हरि प्रताप सिंह को 614 मत, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी विजय बहादुर यादव को 380 मत, निर्दलीय कैलाशनाथ ओझा को 14 मत, निर्दलीय मधुरिमा सिंह को 06 मत व निर्दलीय राजेन्द्र प्रसाद मौर्य को 07 मत प्राप्त हुये। विधान परिषद सदस्य पद हेतु कुल 2794 मत पड़े जिनमें वैध मतों की संख्या 2742 व अवैध मतों की संख्या 52 रही।


## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 15 अप्रैल 2022

**सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790**

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने वृद्धा आश्रम के प्रबन्धक को दी कड़ी चेतावनी

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी ने चिलबिला स्थित वृद्धा आश्रम एवं शुकुलपुर स्थित बाबा रामउदित सेवा संस्थान द्वारा संचालित शिशु




एवं बालगृह का औचक निरीक्षण किया। वृद्धाआश्रम के निरीक्षण में उपस्थित वृद्ध व्यक्तियों को उनके अधिकारों सम्बन्धित विधिक जानकारी देते हुये जागरूक किया गया। इस अवसर पर सचिव ने वृद्धा आश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और आश्रम की साफ-सफाई संतोषजनक न पाये जाने पर प्रबन्धक को कड़ी चेतावनी देते हुये निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दिन परिसर की साफ सफाई एवं रसोईघर हाल में सेनेटाइज कराते हुये फिनायल से पोछा लगवाया जाये। हाल और रसोई सहित पूरे परिसर को स्वच्छ रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। इस अवसर पर प्रबन्धक को यह भी निर्देश दिया गया कि वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्ध व्यक्तियों को जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है उन्हें कोविड-19 बूस्टर डोज लगवायी जाये। इस अवसर पर सचिव द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होने वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक करते हुये कहा कि 60 वर्ष से अधिक व्यक्तियों को सरकार द्वारा विभिनन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिये कानून बनाया गया है, इसका लाभ आप लोगों को लेना चाहिये। माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक का भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 में दी गयी व्यस्थाओं के प्रति जागरूक करते हुये कहा कि किसी भी माता पिता या वरिष्ठ नागरिक को कोई समस्या उसके परिजनों द्वारा उत्पन्न की जाये तो उसकी सीधी शिकायत सम्बन्धित उपजिला मजिस्ट्रेट से करनी चाहिये। पैनल अधिवक्ता विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृद्धों को उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करायी जाती है। इस अवसर पर प्रबन्धक द्वारा जानकारी दी गयी कि वृद्धा आश्रम में कुल 77 वृद्ध पंजीकृत है जिनमें 59 पुरूष एवं 18 महिलायें है। निरीक्षण के समय 70 वृद्धजन उपस्थित रहे, बताया गया कि 07 वृद्ध अपने घर गये हुये है। प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि सभी वरिष्ठ नागरिकों को कोविड-19 की दोनो डोज दी जा चुकी है। विगत माह में आयुर्वेद चिकित्सक आये थे जिन्होने आवश्यकतानुसार वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच करके दवायें उपलब्ध कराया था। इसी प्रकार सचिव ने शिशु एवं बालगृह के औचक निरीक्षण में शिशु गृह में रखे गये बच्चों को देखा और उनके स्वास्थ्य एवं देखरेख के सम्बन्ध में शिशु गृह की अधीक्षक प्रीती शुक्ला से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। अधीक्षक द्वारा बताया गया कि शिशु गृह में वर्तमान समय में कुल चार बच्चे है जिसमें एक लड़की लगभग तीन माह की एवं एक लड़का लगभग एक माह का है तथा अंकित लगभग सात वर्ष व आदित्य लगभग नौ वर्ष का है, अंकित एवं आदित्य मानसिक अस्वस्थ्य बताये गये। यह भी बताया गया कि दोनो बच्चों का ईलाज चल रहा है। अधीक्षक द्वारा बताया गया कि उनके कार्यालय में कुल अधीक्षक सहित 15 लोगों का स्टाफ है जो दिन में तीन पालियों में ड्यूटी करते है। सचिव ने निर्देशित किया कि बच्चों की देखरेख में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश दूबे भी उपस्थित रहे।

# आबादी के बीच खुली शराब की दुकान बंद कराए प्रशासन

**रौनापार (आजमगढ़)।** आबादी के बीच शराब की दुकान खोले जाने से दाउदपुर गांव की महिलाएं परेशान हो गई हैं। दुकान को कहीं दूसरी जगह खोलने की मांग को लेकर एक बार फिर तहसील मुख्यालय पर मंगलवार को प्रदर्शन दाउदपुर की महिलाओं ने कहा कि इसके पूर्व भी हम लोगों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। उपजिलाधिकारी ने कार्रवाई के लिए कोतवाली भेजा था। हम लोग कोतवाली गए, लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं हुई। अब तक कोई




किया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। बताया कि पहले भी विरोध किया जा चुका है और अगर प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की, तो इसके लिए खुद आगे आने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। महिलाओं ने आरोप लगाया कि ठेकेदारों द्वारा जबरदस्ती आबादी के बीच में अंग्रेजी, देसी शराब एवं बियर की दुकान खोल दी गई है, जबकि यह दुकानें पहले बागखालिस में आबादी से दूर थी। वर्तमान समय में आबादी के अंदर दुकान खोल दी गई है। कार्रवाई भी नहीं की गई। कोई भी अधिकारी आबादी के समीप खोली दुकान को बंद कराने के लिए तैयार नहीं हो रहा है । शराब कारोबारी मनमाने ढंग से शराब बस्ती के अंदर बेच रहे हैं। मना करने पर अभद्रता कर रहे हैं। महिलाओं ने उपजिलाधिकारी सगड़ी गौरव कुमार को ज्ञापन सौपकर दुकान अन्यत्र हटाने की मांग की है। इस दौरान केवली, लालमति, मानसा, उर्मिला, मीना, सविता, कुंती, कुमारी लक्ष्मी, सीमा, शकुंतला, संध्या आदि मौजूद रहीं।

# भाजपा के विशाल सिंह दूसरी बार बने एमएलसी

**गाजीपुर ।** भाजपा प्रत्याशी विशाल सिंह चंचल ने लगातार दूरी बार जीत हासिल की है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी सपा समर्थित त्याशी मदन सिंह यादव को 1790 मतों से हरा दिया। चंचल को कुल 2422 मत मिले हैं, जबकि मदन सिंह यादव को 632 मत पर सिमट गए। 43 मत अवैध रहे। विशाल सिंह चंचल की जीत की घोषणा करने के साथ ही जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने उन्हें प्रमाणपत्र सौंपा। बीते नौ अप्रैल को एमएलसी चुनाव के लिए कुल 3131 में 3097 मत पड़े थे। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार की सुबह आठ बजे विकास भवन में मतों की गणना शुरू हुई। शुरू से ही मदन काफी पीछे चल रहे थे। हार-जीत की अधिकारिक घोषणा से पहले ही मदन ने अपनी हार मान ली और अपने समर्थकों संग बाहर निकल गए। जिलाधिकारी ने चंचल की जीत की घोषणा की तो विकास भवन के बैरिकेडिग स्थल के बाहर भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ता तासे की धून पर थिरकने लगे। चंचल जब प्रमाण पत्र लेने के लिए पहुंचे तो कार्यकर्ता खुशी से झूम उठे। आतिशबाजी करते हुए जमकर नारेबाजी की और गुलाल उड़ाते हुए फूल-मालाओं से उन्हें लाद दिया। 2012 के चुनाव से सियासत में रखा था कदम विशुद्ध बिजनेसमैन रहे विशाल सिंह चंचल का राजनीतिक इतिहास केवल एक चुनाव ही पुराना है। वर्ष 2012 में वह विधान परिषद सदस्य के लिए निर्दल चुनाव लड़े और सपा प्रत्याशी डा. सदानंद सिंह को पराजित कर एमएलसी चुने गए। इसके बाद 20 अक्टूबर 2016 को उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस बार वह भाजपा के बैनर तले मैदान में थे और जीत हासिल की। चाक चौबंद थी सुरक्षा व्यवस्था एमएलसी चुनाव के मतगणना को लेकर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। विकास भवन जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया था। विकास भवन और आरटीआइ चौराहा पर बैरिकेडिग कर दर्जन भर की संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। मुख्य द्वार पर करीब 20 की संख्या में अर्द्धसैनिक बल के जवान तैनात रहे।

# कुशीनगर में बड़ा हादसा, नाव पलटने से दस डूबे- तीन युवतियों की मौत

**कुशीनगर।** कुशीनगर के खड्डा इलाके में बुधवार सुबह नारायणी नदी में महिला मजदूरों से भरी नाव पलट गई। नाव पर सवार नौ महिलाओं समेत सभी 10 लोग डूब



गए। नदी में मछली मार रहे मछुआरों ने सात को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि तीन युवतियां लापता हो गईं। एक घंटे की मशक्कत के बाद तीनों का शव मिला। इसकी जानकारी होते ही गांव में चीख पुकार मच गई। नाव पर सवार महिला मजदूर नदी उस पार गेहूं की कटाई करने जा रहीं थीं। डीएम, एसपी व विधायक ने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। पुलिस शवों को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना का कारण नाव में छेद होना बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि गांव बोधी छपरा निवासी मिश्री निषाद का नारायणी नदी उस पार गांव बलुइया रेता में खेत है। खेत में गेहूं की फसल तैयार है। छितौनी के टोला पथलहवा निवासी नौ महिला मजूदरों संग सुबह आठ बजे वह गेहूं की कटाई कराने नाव से नदी उस पार जा रहे थे। बीच नदी में नाव में छेद के चलते पानी भर जाने से अचानक पलट गई। इससे सवार सभी डूबने लगे। यह देख नदी किनारे मछली मार रहे आधा दर्जन मछुआरे साहस दिखाते हुए नदी में कूद गए और डूबते लोगों में 16 वर्षीय कुमकुम, 55 वर्षीय सुरमा देवी, 16 वर्षीय हुसन्आरा, 16 वर्षीय रबिया, 18 वर्षीय नूरजहां, 16 वर्षीय गुलशन निवासी पथलहवा तथा 45 वर्षीय मिश्री निषाद सहित सात को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

# जमीन में दफन फायर हाइड्रेंट, कैसे बुझेगी आग

**बलिया ।** गर्मी के मौसम में अगलगी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इन पर काबू पाना बड़ी चुनौती से कम नहीं। इसके बावजूद व्यवस्था में छेद हैं जो भरे नहीं जा रहे। शहर में कई स्थानों पर फायर हाइड्रेंट बनाए गए हैं। इसके पीछे मंशा थी कि शहर में आग लगने की दशा में अगिन्शमन विभाग की छोटी गाड़ियां कारगर साबित होती हैं। बोलेरो कैंपर के जरिए फायर हाइड्रेंट से पानी लेकर आग बुझाने में आसानी होती है। फायर हाइड्रेंट के रखरखाव की जिम्मेदारी



आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड को पानी आसानी से उपलब्ध हो जाएगा, लेकिन इस मंशा पर ही पानी फिर गया है। कई जगहों पर हाइड्रेंट जमीन में दफन हैं तो कहीं किन्हीं अन्य कारणों से अक्रियाशील पड़े हैं। शहर में 30 स्थानों पर फायर हाइड्रेंट लगाए गए हैं। इनमें आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर यह काम नहीं कर रहे। नगरपालिका प्रशासन की होती है। पिछले साल 253 स्थानों पर लगी थी आग जनपद में वर्ष 2021 में अगलगी की 253 घटनाएं हुईं थीं। इसमें सवा करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ था। इस वर्ष मार्च तक 33 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इनमें दो व्यक्तियों की जान भी जा चुकी है। घटनाओं में 32 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

# प्रदेश में तकनीकी प्रशिक्षण देकर युवाओं को किया जा रहा है आत्मनिर्भर

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देश में युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार द्वारा युवाओं को प्रदेश में स्थापित विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों से उनमें अभूतपूर्व गुणात्मक सुधार लाकर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा हैं। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में स्थापित विभिन्न प्रकृति के उद्योगों, औद्योगिक इकाइ्यों तथा क्षेत्र से सम्बंधित प्रतिष्ठानों के संचालन हेतु कुशल कर्मकार तैयार करने और उन्हें व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान कराकर रोजगार/स्वरोजगार से जोड़कर उच्च गुणवत्ता के जीवनयापन को सुनिश्चित कराने का कार्य सफलता पूर्वक कराया जा रहा हैं। प्रदेश सरकार द्वारा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन के अर्न्तगत प्रदेश में सेवा क्षेत्र में बढ़ते हुऐ दायरे को दृष्टिगत रखते हुए दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण प्रदान कराये जा रहे है।दीर्घकालीन प्रशिक्षण एक व दो वर्षीय अवधि के गैर- अभियान्त्रिकी तथा यांत्रिकी विषयों,पाठ्यक्रमों का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण देते हुए रोजगार से लगाया जाता है। युवाओं/युवतियों को कौशल विकास मिशन के अर्न्तगत अल्पकालीन विभिन्न ट्रेड्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता हैं। कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अर्न्तगत 14 से 35 वर्ष आयु के युवाओं जिनमें महिलाएं, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति/ जनजाति, शारीरिक रूप से अक्षम, गरीब और कम पढ़े लोगों को प्रशिक्षित कर सेवायोजित कराने के लिए विभिन्न योजनाओं को एकीकृत रूप से मानकीकृत व्यवस्था कराने के अर्न्तगत कार्यक्रम संचालित किया गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में आबद्व किये गये प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से रोजगारपरक 32 सेक्टर्स के 709 पाठ्यक्रमों अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को संचालित किया जा रहा है। अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की अवधि 3 दिवस से 6 माह तक व कतिपय कार्यक्रमों का एक वर्ष तक का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रदेश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कुशल अनुदेशकों की कमी को पूर्ण करने के उद्देश्य से एन0सी0वी0टी0 द्वारा शिल्पकार अनुदेशक प्रशिक्षण योजना प्रारम्भ किया गया है। जिसके अर्न्तगत एक वर्षीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रदेश में कुल 305 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान है, जिनमें प्रतिवर्ष 1,72,352 प्रशिक्षणाथिर्यों के लिए प्रशिक्षण की क्षमता है। प्रदेश में 48 महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुख्य संस्थान के भाग के रूप में संचालित हैं। प्रदेश में कुल 2931 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हैं, जिनमें 4,58,243 प्रशिक्षणाथिर्यों के प्रशिक्षण देने की क्षमता हैं। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरान्त प्रशिक्षित युवाओं को भारत सरकार के स्तर से प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जाता हैं। प्रदेश के इन प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणाथिर्यों को विभिनन्‍ उद्योगों व अधिष्ठान में सेवायोजित कराने के लिए कार्यवाही भी की जाती है। प्रदेश में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत विभिन्न ट्रेडर्स में 9 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। वर्ष 2021-22 में 6.88 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। वर्तमान सरकार के अबतक के कार्यकाल में कुल आवंटित लक्ष्य 15.90 लाख युवाओं/युवतियों को विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण दिया गया तथा लगभग 05 लाख प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार/सेवायोजित कराया गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार दिलाने के लिए 8 विशिष्ट प्लेसमेंट एजेंसीज को भी अनुबंधित किया गया है। युवाओं को उच्च गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण प्रदान करने तथा उन्हें बेहतर रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से देश के 24 प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों जैसे- रेमण्ड्स, राजस्थान स्पिनिंग एवं वीविंग मिल्स, भीलवाड़ा (राजस्थान) यूपी होटल्स, लावा मोबाइल तथा विप्रो इत्यादि को फ्लैक्सी प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में अनुबंधित किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के 50,000 युवाओं का अमेरिका फर्म-कोर्सेरा आनलाईन लर्निंग प्लेटफार्म के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप निःशुल्क प्रशिक्षण की सुविधा भी उपलब्ध करायी गई है, जोकि किसी भी प्रदेश द्वारा इस दिशा में किया गया प्रथम प्रयास है। प्रदेश सरकार युवाओं को तकनीकी कौशल प्रशिक्षण दिलाकर उनको रोजगार से लगा रही है, वहीं प्रशिक्षण प्राप्त युवा स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

# तीखी धूप व उमस ने बढ़ाई बेचैनी, हर कोई रहा परेशान

**आजमगढ़।** दिन-प्रतिदिन गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे है। मंगलवार को उमस से लोगों को जीना मुहाल हो गया। सुबह आसमान में हल्के बादल छाए रहे। बादलों को देखकर किसानों की परेशानी बढ़ गई। दिन चढ़ने के साथ ही तेज धूप व उमस के कटने से लोग काफी परेशान नजर आए। खासकर घरों में कैद महिलाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी। उमस के कारण न अंदर आराम मिल रहा था और न ही घर के बाहर। दोपहर में प्रमुख बाजार व सड़कों पर सननटा पसरा रहा।



से हर कोई परेशानी दिखाई दिया। लोग छांव की तलाश करते रहे। दोपहर में जरूरी काम से ही लोग बाहर निकले। सिर पर गमछा व टोपी रखने के साथ पानी का बोतल लेना नहीं भूले। बीच-बीच में बिजली के गुल हो जाने से समस्या और भी बढ़ गई थी। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की ट्रिपिग शुरू हो गई है। सुबह से ही बार-बार बिजली मजबूरी में घर से निकलने वाले लोग रुमाल या तौलिया से चेहरा ढंककर ही सड़कों पर आए। मेहनत-मजदूरी कर रोज कमाने-खाने वालों के सामने काम करने की विवशता तो थी, लेकिन दोपहर के अवकाश के समय पेड़ों के नीचे या पार्कों में आराम करते रहे। पुरुआ हवा के कारण गेहूं की कटाई भी बाधित हो रही है।

# शौचालय बनाकर घोषित करिए गांव को ओडीएफ

**बैरिया (बलिया) ।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत दो वर्ष पहले ही कागजों पर प्रत्येक परिवारों को शौचालय निर्माण कराकर ग्राम पंचायतों को ओडीएफ घोषित कर दिया गया है, वहीं एक बार फिर ओडीएफ प्लुस की सूची तैयार की



जा रही है। आलम यह है कि ग्राम पंचायतों में कई परिवार शौचालय विहीन हैं और ओडीएफ प्लुस घोषित करने वाले फार्म पर ग्राम प्रधानों का हस्ताक्षर बनवाया जा रहा है। वर्ष 2013-14 में ग्राम पंचायत तालिबपुर में सुलभ शौचालय निर्माण के लिए एक लाख 25 हजार रुपये मिला था। निर्माण के नाम पर सिर्फ पांच से छह फीट दीवार खड़ी की गई, जबकि सारा धन डकार लिया गया। मामले में ग्रामीण दर्जनों बार शिकायत कर चुके हैं। तत्कालीन एडीओ पंचायत उमेश सिंह ने धन गमन होने की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज चुके हैं। वहीं मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है। यह तो एक बानगी है क्षेत्र में बहुत सारे व्यक्तिगत सरकारी शौचालय ऐसे मिल जाएंगे जो आधा अधूरा निर्माण कर छोड़ दिया गया है या फिर सिर्फ कागजों में निर्माण करा दिया गया है। खंड विकास अधिकारी बैरिया दिलीप कुमार गुप्ता ने कहा मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। कार्रवाई की जाएगी। चिलकहर : ब्लाक के दर्जनों सामुदायिक शौचालय निर्माण पूर्ण होने के बाद भी स्वयं सहायता समूहों द्वारा उसे समय से नहीं खोला जा रहा है।

# दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत करेगी सरकार

**बलिया ।** दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को सरकार पुरस्कृत करेगी। उनका मान बढ़ाएगी। इससे अन्य लोग भी



इस दिशा में कुछ करने के लिए प्रेरित होंगे। विश्व दिव्यांग दिवस (तीन दिसंबर) को सम्मान समारोह में उन्हें सम्मानित किया जाएगा। कुल 12 श्रेणियों में राज्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए संबंधित व्यक्ति या संस्थाओं को जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय में 15 जुलाई तक आवेदन करना होगा। राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली -2017 के अंतर्गत पुरस्कार हेतु श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। फिलहाल पुरस्कार की धनराशि तय नहीं की गई है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राजीव कुमार यादव ने कहा कि इच्छुक व्यक्ति या संस्था के लोग अभिलेखों को विभाग में जमा करा दें। इसके बाद शासन के निर्देशानुसार आवेदनों का सत्यापन व चयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। किसी को कोई संशय हो तो किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं। नजीर बनी सामाजिक उत्थान समिति-- सोहांव विकासखंड के कोटवानारायणपुर में दिव्यागंजनों के लिए कार्य करने वाली संस्था सामाजिक उत्थान समिति नजीर बनी हुई है। वर्ष 2004 से संचालित समिति मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

# दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को आमरण अनशन शुरू

**जमानियां (गाजीपुर) ।** भैदपुर में हुए पुलिसिया बर्बरता सहित अन्य मामलों को लेकर भाकपा (माले) का रामलीला मैदान में चल रहा क्रमिक अनशन मंगलवार को आमरण अनशन में तब्दील हो गया। भाकपा (माले) केंद्रीय कमेटी सदस्य व किसान महासभा के



राष्ट्रीय सचिव ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि भैदपुर बस्ती में बीते 13 मार्च को पुलिस ने तोड़फोड़ और फर्जी मुकदमा लादकर गरीबों को जेल भेज दिया था। जिसको लेकर कोतवाल सहित मारपीट में शामिल अन्य पुलिस कमिर्यों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बीते 24 मार्च से अनिश्चित कालीन धरना शुरू हुआ था जो 30 मार्च से क्रमिक अनशन में तब्दील हो गया। अब तक न्याय नहीं मिलने पर आमरण अनशन। कहा कि बलिया में पत्रकारों पर फर्जी मुकदमा लाद कर उन्हें जेल भेजने की घटना निदनीय है। चोरी की घटना में कार्रवाई के बजाय पीड़ित परिवार को ही पुलिस पिटाई कर रही है। अगर इन मामलों में जब तक दोषी पुलिसकमिर्यों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती और जमानियां कोतवाल को हटाया नहीं गया तो सड़क पर उतरेंगे। सभा में नंदकिशोर बिद, योगेंद्र भारती, विजयी वनवासी, मुराली बनवासी,पांचरतन कुशवाहा, रामप्यारे राम आदि रहे। अध्यक्षता रामनगीना पासी व संचालन जगबली राजभर ने किया।

# भाजपा के लिए बंजर गाजीपुर में जीत कर 'विशाल' हुए चंचल

**गाजीपुर ।** भाजपा के लिए बंजर हो रहे गाजीपुर के एमएलसी चुनाव में भाजपा की जीत पर न सिर्फ पार्टी को उम्मीद जगी है, बल्कि जीत दर्ज करने वाले प्रत्याशी चंचल का कद भी विशाल हो गया है। विधानसभा



चुनाव में जिले की सभी सात सीटों पर जीत करने वाली सपा की करारी हार हुई है। सात विधायकों का साथ मिलने के बाद इस चुनाव में भी भाजपा को कड़ी टक्कर मिल रही थी और सपा समर्थित मदन मात्र 631 वोटों पर ही सिमट गए और विशाल सिंह चंचल की एकतरफा जीत हुई। बीते वर्ष हुए पंचायत चुनाव को अगर छोड़ दें तो, वर्ष 2019 में लोकसभा और फिर बीते माह हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया। इन दोनों चुनाव में देश व प्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत हुई, लेकिन गाजीपुर में करारी हार मिलने के बाद भाजपा की जीत को लेकर उम्मीद लगभग टूट सी गई थी। केंद्र व प्रदेश में भारी बहुमत से सरकार बनाने वाली पार्टी का जिले से एक भी प्रतिनिधि नहीं होने के कारण स्थानीय नेताओं के लिए काफी गहरा घाव हो गया था, जिसपर चंचल ने जीत कर मरहम लगाने का भी काम किया है। विशाल सिंह चंचल का राजनीति कैरियर काफी लंबा नहीं है। विशाल सिंह के दोबारा जीत दर्ज करने पर उनके समर्थकों व भाजपा जनों में एक नई उम्मीद भी जगी है। जो लोग मुंगेरीलाल के सपने देख रहे थे, आज उनका सपना टूट गया। गाजीपुर के सम्मानित जनप्रतिनिधियों ने मुझे आजतक का सबसे बड़ा आशीर्वाद दिया है। पिछले छह वर्षों तक जैसे मैने कार्य किया है, उससे इस बार और बेहतर करूंगा, ताकि अगली बार सपा का प्रत्याशी तीन अंकों तक भी न पहुंच सके। जो लोग गाजीपुर को भाजपा विहीन करने का सपना देख रहे थे, उनके कलेजे पर आज बुलडोजर ही चल रहा होगा।

# प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के शिक्षा के साथ अध्यापक और अधिकारी कर रहे खिलवाड़ रियलिटी चेक में सुबह 7:30 का विद्यालय 9:00 बजे तक ताला लगा मिला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** एंकर - एक तरफ बेसिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार के तरफ से तमाम कोशिशें की जा रही हैं लेकिन जिले में शिक्षा विभाग के अधिकारी इन सभी प्रयासों को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे ऐसा ही मामला सोनभद्र में देखने को आया जहां कम्पोजिट विद्यालय कुशी का रियलिटी चेक करने पर विद्यालय 9:00 बजे खुलता है जबकि विद्यालय खुलने का समय 7:30 बजे से है वहीं इस मामले की शिकायत जब एबीएसए राबर्ट्सगंज से करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा था जब अधिकारी ही लापरवाह बने है तो ऐसे में अध्यापक और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को कितना निभाएंगे इसका अंदाजा आप लगा सकते हैं मामला सोनभद्र के रावटसगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय कुशी और कम्पोजिट विद्यालय कैथी का है जहां अध्यापक समय से नहीं पहुंचे और ना ही उन्होंने मामले की जानकारी दी, इतना ही नहीं जब ग्राम प्रधान मौके पर पहुंचकर अध्यापकों के उपस्थिति रजिस्टर को देखने का प्रयास किया तो कुशी विद्यालय पर मौजूद प्रभारी अध्यापक ने उन्हें अपशब्दों का प्रयोग किया और बताया कि अधिकारियों के आदेश के बाद ही वह किसी भी व्यक्ति को अध्यापकों के उपस्थिति का रजिस्टर दिखाएंगे। इस मामले में जिला अधिकारी एबीएसए व बी एस ए से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन किसी भी अधिकारी के द्वारा मामले में कोई वर्जन देने से मना कर दिया गया। एक तरफ निजी संस्थाओं में शिक्षा व्यवस्था इतनी मांगी है कि हर व्यक्ति के पहुंच से बाहर है वहीं दूसरी तरफ सरकार के द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा व्यवस्था को अधिकारी व अध्यापक मजाक बनाकर रख दिए हैं ऐसा ही मजाक सोनभद्र के रावटसगंज विकासखंड के कुशी और कैथी




कम्पोजिट विद्यालयों पर देखने को मिला कुशी कम्पोजिट विद्यालय पर दो अध्यापिका हैं एक शिक्षामित्र और एक अनुदेशक के साथ एक प्रभारी अध्यापक नियुक्त हैं लेकिन जब विद्यालय पर जन ऊन्न् न्यूज़ की टीम पहुंची तो 8:30 बजे तक विद्यालय के गेट पर ताला लगा मिला वही 9:00 बजे विद्यालय के प्रभारी अध्यापक विमलेश कुमार सिंह पहुंचे और जब उनसे इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने अधिकारियों के आने और उनके आदेश के बाद ही मामले में कोई जानकारी देने की बात कही जबकि ग्राम प्रधान अशोक कुमार के द्वारा अध्यापकों का उपस्थिति रजिस्टर दिखाए जाने की बात कही गई तो प्रभारी अध्यापक के द्वारा उनके साथ अपशब्दों का प्रयोग किया गया इन सभी मामले की जानकारी जिला अधिकारी को दी गई जिलाधिकारी ने मामले की जांच करा कर कार्यवाही करने की बात तो की लेकिन मीडिया को कोई भी वर्जन देने से मना कर दिया। कम्पोजिट विद्यालय कुशी के प्रभारी अध्यापक ने विद्यालय पर 9:00 बजे पहुंचकर विद्यालय खोला और जब उनसे जानकारी लेने के लिए विद्यालय पर पहुंचा गया तो उन्होंने बताया कि विद्यालय में कुल दो महिला अध्यापक एक शिक्षा मित्र एक अनुदेशक और एक प्रभारी अध्यापक नियुक्त हैं जिसमें 9:00 बजे प्रभारी अध्यापक विमलेश कुमार सिंह ने विद्यालय खोला और आधे घंटे बाद महिला अध्यापक वहां पहुंची जबकि एक महिला अध्यापक विद्यालय पर कभी नहीं आती हैं क्योंकि वह कुशीनगर के बेसिक शिक्षा अधिकारी की पतनी है और जॉइनिंग के बाद आज तक विद्यालय पर नहीं पहुंची हैं। बाइट - विमलेश कुमार सिंह (प्रभारी अध्यापक कम्पोजिट विद्यालय कुशी) बाइट - अशोक कुमार (ग्राम प्रधान कुशी) वह इस मामले की शिकायत एबीएसए से करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ बताया जोकि विजुअल में साफ दिखाई दे रहा है कमोवेश यही हाल कैथी कम्पोजिट विद्यालय पर भी देखने को मिला जहां पर कुल 6 अध्यापकों की तैनाती की गई है जिसमें दो अध्यापक बोर्ड परीक्षा मैं ड्यूटी लगाई गई है जबकि 2 महिला अध्यापक मौके पर मौजूद थी और एक अध्यापक व एक महिला अध्यापक विद्यालय नहीं पहुंची ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि शिक्षा विभाग बच्चों के शिक्षा के साथ किस तरह खिलवाड़ कर रहा है और इन सभी समस्याओं को लेकर अधिकारी कितनी जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं बाइट - प्रधानाचार्या (कम्पोजिट विद्यालय कैथी) जब बच्चों से यह जाने का प्रयास किया गया कि क्या अगले कक्षा में प्रवेश होने से पूर्व बच्चों को रिजल्ट मिला है तो विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों ने बताया कि अभी उन्हें रिजल्ट नहीं मिला है सिर्फ अगली कक्षा में उन्हें पढ़ाया जा रहा है।

# युवा मोर्चा ने विद्यार्थियों को वैक्सीनेशन के लिए किया जागरूक...........

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** ओबरा सोनभद्र भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को विद्यार्थियों को वैक्सीनेशन कराने को लेकर जागरूक किया। मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अरविंद सोनी की अध्यक्षता में कंपटीशन सेंटर एण्ड इंग्लिश स्पोकेन क्लासेज के छात्र छात्राओं को जिनकी उम्र 12 वर्ष से 15 वर्ष है, को सरकार द्वारा निर्गत वैक्सीन की डोज को लगवाने पर जोर दिया गया, क्योंकि वैश्विक महामारी का प्रकोप पूरे देश में तेजी से बढ़ रहा था। जिसको गंभीरता से लेते हुए भारत की मोदी सरकार ने मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध कराकर समस्या से निजात दिलाने के क्रम में बच्चों सहित नवचारों का वैक्सीनेशन कराए जाने का निर्णय पूरी संवेदनशीलता के साथ लिया है। ताकि अधिक से अधिक बच्चे वैक्सीन लगाकर स्वास्थ्य, सुरक्षा के दायरों में जीवन यापन करें। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों को कोरोना वायरस के संकट से बचाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए, हर समय मास्क का प्रयोग करने, परस्पर दो गज की दूरी, परिवेशित क्षेत्र में स्वच्छता एवं वैक्सीनेशन के प्रति संकल्पित किया। इस दौरान मंडल मीडिया प्रभारी प्रशांत सोनी, कार्यसमिति सदस्य शुभम कुमार सिंह उपस्थित रहे।



# अबूझहाल में दो मड़हों में लगी आग, एक लाख की क्षति

**जिगना (मीरजापुर)।** क्षेत्र के गोगांव गांव में मंगलवार की शाम अबूझहाल में दो मड़हों में आग लग गई। इस घटना में सरसो, अरहर समेत पूरी गृहस्थी राख हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड के दो घंटे अथक प्रयास के बाद आग बुझी, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। गांव के यादव बस्ती गुलरिअहवा में आम के पेड़ के पास दीनानाथ यादव ने दो मड़हा लगा रखा है, जिसमें रहने के साथ ही अनाज भूसा व मवेशी आदि रखते है। शाम लगभग पांच बजे में दोनों मड़हों में आग लग गई। प्रधानपति केशव प्रसाद यादव ने घटना की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू लिया तब लोगों ने राहत की सांस ली।

# सुकृत चौकी प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह बने एस ओ जी प्रभारी और सर्विलांस प्रभारी.......

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के रावट्र्सगंज कोतवाली अंतर्गत सुकृत चौकी प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह चौकी स्टाफ की तरफ से ज्ञानेन्द्र सिंह जी के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समस्त पुलिस स्टाफ सहित



को मिली दो पदों की जिम्मेदारी। आपको बताते चलें कि ज्ञानेन्द्र सिंह सुकृत चौकी प्रभारी के पद पर नियुक्त थे लेकिन 12 अप्रैल 2022 को एध्उ प्रभारी व सर्विलांस प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। लोगों ने दी भावभीनी विदाई समस्त क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे तथा माल्यार्पण किया गया तथा सभी लोगों ने स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस दौरान अहिंसा एक्सप्रेस न्यूज़ के रिपोर्टर बृजेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय चिह्न अशोक स्तंभ देकर सम्मानित किए।

# किसानों की सुविधा के लिए तैयार करें रोड मैपः आयुक्त

**मीरजापुर।** पथरहिया स्थित विकास भवन आडिटोरियम में आयुक्त योगेश्वर राम मिश्रा की अध्यक्षता में कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को हुआ। आयुक्त ने सुझाव दिया कि एक ऐसा रोड मैप तैयार किया जाए, जिससे सभी किसानों को कुमार चेयरमैन राइस एक्सपोर्ट व इम्पोर्ट द्वारा कृषक उत्पादक संगठनों को संबोधित किया। शुभम राय एपीडा ने कृषक उत्पादक संगठन के उत्पाद को निर्यात, मानक व गुणवत्ता बनाने की जानकारी दी। डा. सीबी सिंह क्षेत्रीय प्रभारी एपीडा द्वारा सब्जी के निर्यात के लिए एफपीओ का अंतरराष्ट्रीय बाजार



यह ज्ञात हो सके कि किस विकास खंड में कौन सा उत्पाद या खाद्यान्न का उत्पादन हो रहा है। उनके विपणन की जानकारी उपलब्ध हो। अधिकतम किसानों को कृषक उत्पादक संगठनों से जोड़ा जा सकता है। लघु एवं सीमांत कृषकों की हिस्सेदारी भी हो। सीडीओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा वर्तमान समय में कृषि उत्पाद के विपणन की चुनौती है, जिसे इस कार्यशाला में एपीडा के सहयोग से विपणन के संबंध में सभी समस्या व शंका दूर हो सकेगी। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक डा. जीपी तिवारी ने नैनो टेकनेलाजी पर आधारित यूरिया का फसलों में पर्णीय छिड़काव, उसके लाभ एवं महत्व की जानकारी दी। एपीडा के आनंद प्रकाश ने कहा कि कृषक उत्पादक संगठन को अपने उत्पाद को निर्यात करने के लिए हार्टिनेट पोर्टल पर जिला उद्यान अधिकारी के माध्यम से पंजीकृत करके विपणन कर सकते है। वेबनार के माध्यम से क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में राजीव से जोड़ने की जानकारी दी। भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी के वैज्ञानिक डा. एएन त्रिपाठी ने मिर्च, मटर, लौकी, कद्दू सब्जियों में लगने वाले रोग व कीट के बारे में जानकारी दी। उप कृषि निदेशक डा. अशोक उपाध्याय ने कृषक उत्पादन संगठनों के क्षमतावर्धन कार्यशाला में अवगत कराया। कहा कि मीरजापुर में कुल 32 कृषक उत्पादक संगठन पंजीकृत है, जिसमें कुल 8477 अंशधारक किसानों की संख्या है। कृषि विभाग द्वारा 11 एफपीओ को फार्म मशीनरी बैंक तथा तीन एफपीओ को दृष्टि योजना के तहत बीज विधायन संयंत्र उपलब्ध कराया गया है। पीडी अनय मिश्रा, डीसी मनरेगा मो. नफीस, एनके सिंह, डीएसटीओ कैलाश नाथ, भूमि संरक्षण अधिकारी जीत लाल गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, साक्षी पांडेय, मनीष सिंह, सुशील सिंह रहे। संचालन राजेन्द्र त्रिपाठी उर्फ लल्लू तिवारी ने किया।

# तीन किशोर समेत चार लोगों की गंगा में डूबने से मौत

**मीरजापुर।** जनपद के दो स्थानों पर गंगा सनान करने के दौरान तीन किशोर सहित चार लोगों की मंगलवार को डूबने से मौत हो गई, जबकि पांच दर्शनार्थी बचा लिए गए। इलाज के लिए दर्शनाथियों



को चिकित्सालय पहुंचाया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की खबर लगते ही स्वजन रोते-बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। कछवां : थाना क्षेत्र के पसियाही गांव निवासी शिवपूजन (14) पुत्र हरिहर यादव, जोगेश कुमार (14) पुत्र महेंद्र यादव और राहुल साहनी (13) पुत्र कृष्णानंद मांझी आपस में मित्र है। सोमवार की सुबह नौ बजे तीनों किशोर घरवालों को बगैर कुछ बताए साइकिल से घुमने निकले थे। देर शाम तक घर नहीं पहुंचे तो स्वजन हलकान हो उठे और उनकी खोजबीन शुरू कर दी। देर शाम खोजते हुए स्वजन क्षेत्र के धुनन्पुर गांव के गंगा किनारे पहुंचे तो उनका कपड़ा, चप्पल व साइकल मिलने पर कोहराम मच गया। स्वजनों ने तीनों किशोरों के गंगा में डूबने की आशंका जताते हुए घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी होते ही एसडीएम सदर चंद्रभानु व सीओ सदर शैलेंद्र त्रिपाठी कछवां, थानाध्यक्ष रामस्वरूप वर्मा के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों से देर रात तक किशोरों की तलाश कराई लेकिन वे नहीं मिले। अधिकारियों ने मंगलवार की सुबह गोताखोरों व एनडीआरएफ की टीम भेजने की बात कहते हुए रात करीब बारह बजे वहां से लौट आए। सुबह एक बार फिर पुलिस स्थानीय गोताखोरों को लेकर तीनों बालकों की तलाश कराने घाट पर पहुंची। सभी नाव लेकर किशोरों को गंगा में ढूढ़ने के लिए जूट गए। उधर तीन किशोरों के डूबने की खबर लगते ही लोगों की भीड़ जुट गई। 24 घंटे बाद मंगलवार की दोपहर करीब 12 गोताखोरों ने घटना स्थल से करीब 12 किलोमीटर दूर चंद्रिकाधाम घाट के पास शिवपूजन व जोगेश यादव का शव बरामद कर लिया। उसके एक घंटे बाद एक बजे तीसरे किशोर राहुल साहनी का शव चुनार के बालूघाट से मिला। वहीं दूसरी घटना विध्याचल के परशुराम भैरवघाट पर मंगलवार की दोपहर एक बजे घटी। यहां बिहार प्रांत के बक्सर जिला के बक्सर थाना क्षेत्र स्थित सोहनीपट्टी से सात युवक विध्याचल दर्शन-पूजन करने आए थे। दोपहर करीब एक बजे विध्याचल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद सभी किशोर व युवक सीधे विध्याचल के परशुराम भैरव गंगा घाट पर नहाने चले गए। सभी पानी में उतरकर नहा रहे थे कि रोहित गुप्ता (17) पुत्र अशोक सिंह, अमित कुमार (17), शिवम (18) का पैर फिसलने से डूबने लगे। इनको डूबते देख पास में नहा रहे चार अन्य दोस्तों में से तीन दोस्त अंकित (18), अविनाश (18), रोहित उपाध्याय (19) बचाने गए तो वे लोग भी डूबने लगे। छह साथियों को डूबते देख सातवां मित्र आदर्श (18) पानी से बाहर आकर शोर मचाने लगा। शोर सुनकर घाट पर बैठे नाविक व अन्य गोताखोर बचाने के लिए दौड़ पड़े। सभी ने पांच किशोर व युवकों अमित कुमार, शिवम, अंकित, अविनाश, रोहित उपाध्याय को हड़बड़ाहट में बचाकर बाहर निकाल लिए, लेकिन रोहित गुप्ता का ध्यान ही नहीं दिया। जब सभी की गिनती की तो पांच ही लोग पाए जाने पर हैरान हो गए और रोहित गुप्ता की खोजबीन होने लगी। गोताखोर तत्काल पानी में दोबारा जाकर रोहित को खोजकर निकाले, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। मौके पर पहुंचे विध्याचल कोतवाल नीरज पाठक, चौकी प्रभारी आरएन शुक्ला सभी को सीएचसी विध्याचल ले गए।

# सड़क हादसों में युवक समेत दो की मौत, दो घायल

**मीरजापुर।** क्षेत्र के सबेसर गांव के पास मंगलवार को हुए दो सड़क हादसों में युवक सहित दो लोगों की मौत हो गई ,जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको सीएचसी कछवां में भर्ती कराया गया है। हादसों की खबर लगते ही स्वजन घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्वजनों की तहरीर पर चालकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। चील्ह थाना क्षेत्र निवासी गोविद साहनी 22 पुत्र लुसे के घर शादी पड़ी थी। जिसका कार्ड कछवां थाना क्षेत्र के पसियाही जलालपुर कछवां निवासी अपने मामा दीनानाथ निषाद के घर देने सोमवार की शाम गोविद गया था। ननिहाल में ही उसकी मौसी रीता साहनी 50 पतनी हीरालाल पिछले तीन दिनों रूकी थी। जिसको लेकर गोविद मंगलवार को घर आ रहा था। जैसे ही कछवां के सबेसर गांव के पास पहुंचा कि कछवा वाया चुनार मार्ग पर चुनार की ओर जा रहे एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार गोविद साहनी की मौत हो गई। जबकि उसकी मैसी रीता साहनी निवासी कंतित थाना विध्याचल घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल रीता को सीएचसी कछवां भेजा। साथ ही ट्रक को पकड़कर थाने ले आए। दुर्घटना करने वाले ट्रक पर एफसीआई लिखा हुआ है। अनाज भी लदा हुआ था। वही घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। वहीं दूसरी घटना कछवां के सबेसर गांव के पास ही हुई। कछवां थाना क्षेत्र के भागीरथपुर गांव निवासी अंगद उर्फ अंजनी कुमार चौबे 22 पुत्र दिवाकर चौबे अपने साथी अश्वनी उपाध्याय 23 पुत्र दिनेश उपाध्याय के साथ मंगलवार को कछवां बाजार गए थे। दोपहर में लौटते समय बाइक सवार दोनों युवक जैसे ही सबेसर गांव के पास पहुंचे कि विपरीश दिशा से आ रही पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दिया।

# महान सम्राट अशोक जैसा पूरी दुनिया मे कोई शासक नही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** मंगलवार को महात्मा फूले फाउंडेशन के तत्वाधान में ग्राम कचनी के डीहवा टोला से सम्राट अशोक महान एवं महात्मा ज्योतिबसराव फुले से सम्बंधित एक विशाल रैली एवं शोभायात्रा निकाला गया जो कचनी मोड़ माजन मोड़ बैढन बाजार होते हुए जिला कलेक्ट्रेट के पास पहुंच एक सभा नहीं लगते थे समता समानता मानवता कायम रहा देश की जनता सुख शांति से परिपूर्ण रही परंतु वर्तमान भारत को जब देखेंगे तो सम्राट अशोक के भारत से कोसों पीछे नजर आएगा देश में कुछ लोगों को छोड़कर बहुसंख्यक आबादी लाचार गुलाम बेबस बेसहारा के साथ ही भुखमरी की तरफ बढ़ रही है जबकि भारत का संविधान दिशा में काम किया जो देश का पहला स्कूल था जब कोई पढ़ाने वाला नहीं मिला तो कुछ कुछ दिन स्वयं यह काम करने के बाद अपनी पतनी को पढ़ाने योग्य बनाकर लड़कियों को शिक्षा दिलाने का काम किया जिसका तथाकथित लोगों ने पुरजोर विरोध किया। आज जरूरत है महान सम्राट अशोक एवं महात्मा फुले की विचारधारा पर चलने की



के रूप में परिवर्तित होकर महान सम्राट अशोक एवं महात्मा ज्योतिबा राव फूले जयंती मनाया गया मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय बाबू सिंह कुशवाहा जी ने कहा कि सम्राट अशोक ऐसे राजा रहे जो अपने पूरे जीवन में एक भी युद्ध नहीं हारे सम्राट अशोक बौद्ध धर्म का प्रचार भारत के अलावा श्रीलंका अफगानिस्तान पश्चिम एशिया मिश्र तथा यूनान में भी करवाया। अशोक महान अपने शासनकाल में 23 विश्वविद्यालयों की स्थापना करवाया जिसमें तक्षशिला नालंदा विक्रमशिला कंधार प्रमुख है। सम्राट अशोक अपने शासनकाल में जनहित को ध्यान में रखते हुए सड़के बनवाई छायादार वृक्ष लगावाए कुआ तालाब धर्मशालाओं के साथ ही मनुष्यों के साथ साथ जानवरों के लिए भी अस्पताल खुलवाए थे। सम्राट अशोक के शासनकाल में लोगों के घरों में ताले सम्राट अशोक के शासनकाल पर एवं भगवान बुद्ध की विचारधारा पर आधारित है इसके बाद भी लोग परेशान हैं यदि हमें सम्राट अशोक के भारत की पुनर्स्थापना करना है तो सम्राट अशोक के अनुयायियों को देश का शासन सत्ता अपने हाथों में लेना होगा जिसके लिए हमें अपने अंदर राजनीति सोच पैदा कर एक झंडे के नीचे इकट्ठा होना होगा। अति विशिष्ट अतिथि माननीय सुषमा मौर्य चेयरमैन आवाज फाउंडेशन मुंबई महाराष्ट्र ने कहा कि महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबाराव फुले ने सत्यशोधक समाज की स्थापना किया जो भारत में जाति आधारित विभाजन छुआ -छूट भेद - भाव के विरुद्ध तमाम आंदोलन चलाए थे वे महिलाओं व विधवाओं के कल्याण के लिए काफी प्रयास किए इसके साथ किसानों की हालत सुधारने व कल्याण की भी दिशा में काम किए महात्मा फुले ने 1854 में स्कूल खोल कर लड़कियों को पढ़ाने की जिससे हर भारतवासी का कल्याण हो सके अंत में कार्यक्रम के आयोजन लालबाबू कुशवाहा एवं प्रभारी डा0 भागीरथी सिंह मौर्य ने जयंती समारोह में आए हुए लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को पिंटू लाल कुशवाहा ,सुमन्त सिंह मौर्य , दिनेश वर्मा , अवनीश सिंह कुशवाहा , शेर बहादुर कुशवाहा , वंशरूप शाह , डॉक्टर नीरज प्रजापति , लक्ष्मण सिंह ओयाम , रामकृपाल विश्वकर्मा , श्रीमती रामजानी खरवार , नंदकिशोर पटेल , गोपालदास प्रजापति ने भी बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित किया , जयंती समारोह मे नंदू सिंह पंकज कुशवाहा संजय कुशवाहा पवन सिंह आदित्य मौर्य , रविरंजन शाक्य , अनुरुद्ध सिंह , महेंद्र सहित हजारों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महापौर प्रत्याशी रामजनी खरवार व संचालन लराम केश्वर कुशवाहा एवं डॉ भागीरथी सिंह मौर्य ने किया। डा0 भागीरथी सिंह मौर्य

# ड्यूटी पर चिकित्सकों को पहनना होगा एप्रेन

**मीरजापुर।** मां विध्यवासिनी स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य एसपी सिंह ने सोमवार को मंडलीय चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ओपीडी में कई चिकित्सकों द्वारा एप्रेन नहीं पहनने पर चेतावनी दी। उन्होंने इस लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि वे सादे कपड़े में बैठे चल रही शिक्षा का जायजा लेने आए थे। वहां पर उन्होंने पूरे कालेज का निरीक्षण कर चल रहे शिक्षा की जानकारी ली। इसी दौरान मेडिकल कालेज के चिकित्सालय का भी निरीक्षण करने पहुंचे। सबसे पहले वे एसआइसी आलोक कुमार अग्रवाल के साथ ओपीडी का हाल जानने पहुंचे। देखा कि सर्जन, आई, फिजिशियन आदि रोगों के कुछ



हैं तो मरीजों को कैसे पता चलेगा कि वे डाक्टर हैं। ऐसे में वे किसके पास जाकर अपने रोग के बारे में बताएंगे। उनके सामने असमंजस की स्थिति बनी रहेगी इसलिए सभी लोग ड्यूटी के दौरान एप्रेन जरूर पहनें जिससे मरीजों को पता चल सके कि वे ही डाक्टर हैं और मरीज उनके पास आकर अपना इलाज करा सकें। प्राचार्य एसपी सिंह सोमवार को मेडिकल कालेज में डाक्टर एप्रेन नहीं पहने थे। यह देख नाराज हुए। कहा कि सभी लोग एप्रेन पहनें। दोबारा निरीक्षण के दौरान यह लापरवाही नहीं दिखे। इसके बाद इमरजेंसी में पहुंचे तो वहां डाक्टर सहित सभी लोग एप्रेन पहने नजर आए तो प्रसनन जताई। दवा का रख रखाव देखा। उसकी एक लिस्ट वहां चस्पा करने का निर्देश इमरजेंसी प्रभारी को दिया।

# गुजरात की पहली हार से अंक तालिका में हुआ बदलाव

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में सभी टीमों ने 3 या इससे अधिक मैच खेल लिए हैं। 10 टीमों के बीच चल रही एक



ट्राफी पाने की जंग अब धीरे धीरे और भी रोमांचक हो रही है। चेन्नई और मुंबई को अब भी जीत का इंतजार है और दोनों टीमें अब भी जीत का इंतजार कर रही हैं।सोमवार को खेले गए मैच में गुजरात को पहली हार मिली और इसके बाद प्वाइंट्स टेबल में बदलाव आया है। राजस्थान ने चार मैचों में तीसरी जीत हासिल कर टाप पोजिशन बना हुआ है। वहीं कोलकाता को दिल्ली से मिली हार ने उसे दूसरे स्थान पर धकेल दिया। इस टीम के पास 5 मैच में 3 जीत से 6 अंक हैं। सोमवार को हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मुकाबले में गुजरात की टीम के पहली हार का सामना करना पड़ा। इसकी वजह से 4 मैच में तीन जीत हासिल करने वाली बैंगलोर की टीम तीसरे स्थान पर पहुंच गई और गुजरात चौथे स्थान पर खिसक गया। कोलकाता के खिलाफ धमाकेदार जीत हासिल करने वाली दिल्ली की टीम छठे स्थान पर है। अब उसके पास 4 मैच में दो जीत और दो हार के साथ 4 अंक हैं। सातवें स्थान पर 4 मैच से 2 जीत और 2 हार से 4 अंक हासिल करने वाली पंजाब की टीम है। गुजरात को हराने वाली हैदराबाद की टीम इस वक्त आठवें स्थान पर काबिज है। उसके पास 4 मैच से 2 जीत और 2 हार से 4 अंक हैं। टूर्नामेंट की सबसे सफल दो टीमें मुंबई और चेन्नई को अब तक अपनी पहली जीत का इंतजार है। दोनों ही टीम ने चार- चार मैच खेले हैं। सभी मुकाबले में हार की वजह से दोनों टीमें आखिरी के दो पायदान पर हैं। मुंबई 9वें जबकि चेन्नई 10वें स्थान पर हैं।

# एएफसी चैंपियंस लीग में जीत दर्ज करने वाला पहला भारतीय क्लब बना मुंबई सिटी

**रियाद।** मुंबई सिटी एफसी ने एक गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए इराक की दिग्गज टीम एयर फोर्स क्लब को 2-1 से हराकर उलटफेर किया। इस तरह उसने शीर्ष स्तर के एएफसी चैंपियंस लीग टूर्नामेंट में जीत दर्ज



करने वाला पहला भारतीय क्लब बनकर इतिहास रच दिया गुरूप बी के मुकाबले में 59वें मिनट में हम्मादी अहमद के गोल से पिछड़ने के बाद मुंबई सिटी की टीम ने 70वें मिनट में पेनाल्टी पर डिएगो मारिसियो के गोल की बदौलत बराबरी हासिल की। डिफेंडर राहुल भेके ने इसके बाद कार्नर किक पर 75वें मिनट में हैडर से गोल दागकर मुंबई सिटी एफसी को 2-1 की बढ़त दिलाई जो निर्णायक साबित हुई। मुंबई सिटी ने 2020-21 में इंडियन सुपर लीग शील्ड और ट्राफी जीती थी। इससे पूर्व पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद रियाद के किंग फाहद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में स्थानापन्न खिलाड़ी अहमद ने तीन बार के एएफसी कप चैंपियन एयर फोर्स क्लब को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। इस जीत से आत्मविश्वास से भरी मुंबई सिटी की टीम गुरुवार को यूएई के अल जजीरा से भिड़ेगी। बोलोगन ने सेंपडोरिया को दी शिकस्त बोलोगन, एपी। मार्की एर्नोटोविक के दो गोल की बदौलत बोलोगन ने इटालियन लीग सीरी-ए में सेंपडोरिया को 2-0 से हराया दोनों टीमों के बीच पहले हाफ तक मुकाबला गोलरहित चल रहा था। लेकिन एर्नोटोविक ने विजेता टीम की ओर से 61वें मिनट में मिशेल डिजक्स के पास पर पहला गोल दागा। एर्नोटोविक के पास 69वें मिनट में अपनी बढ़त को दोगुना करने का मौका था। लेकिन उनका दमदार शाट क्रासबार से टकरा गया। इसके बाद हालांकि उन्होंने 76वें मिनट में बाक्स के सेंटर से शाट मारकर गोल दागा और अपनी टीम की बढ़त को मजबूत किया। बोलोगन की पिछले छह मैच में यह पहली जीत है। वालेकानो का जीत का इंतजार बढ़ा मैड्रिड, एपी। रायो वालेकानो और वालेंसिया के बीच स्पेनिश लीग ला लीगा का मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा। वालेकानो की टीम इस लीग में अपने पिछले 12 मुकाबलों में जीत दर्ज करने में नाकाम रही है। वालेंसिया को 57वें मिनट में कार्लोस सोलेर ने बढ़त दिलाई लेकिन वालेकानो ने 83वें मिनट में सर्गियो गुआर्डियोला के गोल की बदौलत बराबरी हासिल कर ली। अलावेस को घरेलू सरजमीं पर हराने के बाद से वालेकानो की टीम लीग में कोई मैच नहीं जीत सकी है।

# हार के बाद बांग्लादेश की टीम को एक और झटका इस गेंदबाज पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे और आखिरी टेस्ट में करारी हार झेलनी पड़ी। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की सीरीज पर 2-0 से



कब्जा कर लिया। इस हार के बाद बांग्लादेश की टीम को एक और झटका लगा। दरअसल बांग्लादेश के तेज गेंदबाज खालिद अहमद पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। उनको दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट के दौरान आइसीसी कोड आफ कंडक्ट के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। उन्हें आर्टिकल 2.9 का दोषी पाया गया है। इसके अपराध के तहत खिलाड़ी पर जानबूझ कर किसी को चोट पहुंचाने के उद्देश्य से गेंद फेंकने की बात कही गई है। इसमें कोई साथी खिलाड़ी, अंपायर, मैच रेफरी और कोई अन्य सदस्य हो सकता है। यदि मैच के दौरान किसी खिलाड़ी द्वारा खतरनाक तरीके से किसी अन्य खिलाड़ी की तरफ गेंद फेंका जाए तो खिलाड़ी को इस कोड के उल्लंघन का दोषी माना जाता है। उन्हें लेवल 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है जिसका मतलब है कि उनके अनुशासन में एक डिमेरिट प्वाइंटस जोड़ दिए जाएंगे। ये उनके 24 महीने के करियर में पहला अपराध है। ये घटना दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन घटी जब दक्षिण अफ्रीका के पहले इनिंग में काइल वेरेन बल्लेबाजी कर रहे थे और उन्होंने गेंद खालिद की तरफ खेली। उसके बाद खालिद ने खतरनाक तरीके से गेंद उनकी तरफ मारा था।

# भारत को मिली इंग्लैड से हार मुमताज के खेल ने जीता दिल

**लखनऊ।** जूनियर महिला हाकी वर्ल्ड कप में भारतीय जूनियर टीम को भले ही कांस्य पदक के लिए मंगलवार को इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा हो, पर लखनऊ की बेटी मुमताज खान ने बेहतरीन प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत



लिया। मुमताज ने इस मुकाबले में दो गोल किए। इस मैच में निर्धारित समय तक दोनों ओर से दो-दो गोल किए गए थे। परिणाम के लिए शूटआउट का सहारा लिया गया, जिसमें इंग्लैंड ने 3-0 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2013 में रहा था, जब टीम ने जर्मनी के मोनशेंग्लाबाख में कांस्य पदक जीता था। अब तक आठ गोल के साथ मुमताज भारत की ओर से सर्वाधिक गोल करने वाली खिलाड़ी हैं। मुमताज ने वेल्स के खिलाफ भारत के शुरुआती मैच के अलावा, जर्मनी के खिलाफ विजयी गोल दागा था और मलेशिया के खिलाफ शानदार हैट्रिक लगाई थी। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ हुए कांस्य पदक के मुकाबले में दो गोल दागे। नीलम मुमताज के बचपन के कोच नीलम सिद्दीकी ने कहा, मुमताज की गति और ऊर्जा भारतीय टीम के काम आ रही है। मुमताज मुश्किल से 13 साल की थी और तब तक वह केवल कुछ ही बार अपनी स्कूल टीम के लिए खेली थी। हमने उसे कुछ सीनियर प्लेयर्स के साथ मैच में रखा, यह देखने के लिए कि वह कैसा प्रदर्शन कर पाती है। वह बहुत निडर थी और उसने खिलाड़ियों को छकाया। ये वो क्षण थे जब मुमताज ने भारत के लिए खेलने का सपना देखना शुरू कर दिया था और आज वो पूरे हो रहे हैं। बेटी ने शानदार किया प्रदर्शन मुमताज को बेटी मानने वाले भारतीय खेल प्राधिकरण के हाकी प्रशिक्षक राशिद बताते हैं कि टीम की हार से निराशा जरूर है पर मुमताज ने बेहतरीन प्रदर्शन कर इंग्लैंड के खेमे को हिला दिया। मैच के दौरान मुमताज को अधिक समय तक बाहर रखना गलत था। अगर उसे और मौके मिलते तो जीत भारत की झोली में होता। क्योंकि छह से सात पेनाल्टी कार्नर से गोल करने का मौका मिला, पर मुमताज बाहर थी।

# मुंबई इंडियंस बदलाव के दौर से गुजर रही है, हर टीम इससे गुजरती है- बुमराह

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में 5 बार की टूर्नामेंट विजेता मुंबई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही है। पहले चार में से चारों मुकाबलों में टीम को लगातार हार मिली। अब उसे वापसी करने की उम्मीद है और टीम के उप कप्तान जसप्रीत बुमराह ने कहा कि टीम नई है और बदलाव



के दौर से गुजर रही है इसी वजह से सही काम्बिनेशन तलाश करने में वक्त लगेगा 2022 की मेगा नीलामी का मतलब है कि यह मुंबई इंडियंस टीम बिल्कुल नए रूप में सामने आई है लेकिन इसका निर्माण पुरानी मजबूत नींव पर ही किया गया है। टीम के नए सदस्यों को कुछ और अवसर दिए गए हैं, यह टीम के लिए विकास का एक रोमांचक चरण भी है बुमराह ने कहा, ठदेखिए, इस प्रारूप में आपको कभी-कभी यह समझना होगा कि अलग-अलग विकेटों पर अलग-अलग परिदृश्यों में अलग-अलग मैच खेलने होते हैं, लिहाजा आप तमाम ऐसे हालात के लिए जो सबसे उपयुक्त संयोजन होता है, उसी को आजमाने की कोशिश करते हैं। बुमराह ने आगे कहा, हर टीम बदलाव के दौर से गुजरती है। हम नीलामी में गए और इस दौरान दो और नई टीमें सामने आईं। लिहाजा हमारे कई पुराने खिलाड़ी भी अलग-अलग टीमों में चले गए। बदलाव की यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसे हर क्रिकेटर समझता है और हर टीम इससे गुजरती है। हम उसी दौर में हैं; हमारे पास नया ग्रुप है। हमारे पास पुराना कोर ग्रुप भी हैं, लेकिन बहुत सारे नए लोग जो टीम को समझने की कोशिश कर रहे हैं, फ्रैंचाइज़ी को समझ रहे हैं, समझ रहे हैं कि अलग-अलग परिदृश्य में कैसे काम करते हैं। हमारी टीम में भी कई नए युवा खिलाड़ी हैं। भविष्य की प्रतिभाएं है। तो आईपीएल के फॉर्मेट को समझते हुए आपको किस तरह से दबाव को झेलना है और इस लीग में सफलता हासिल करनी है, हम इसी दौ से गुजर रहे हैं। हम इसका आनंद ले रहे हैं। हर खिलाड़ी इस हालात से गुजरा है, लिहाजा हम बदलाव के इस दौर को पार करने की कोशिश में जुटे हैं। एक समय ऐसा भी आएगा जब हमारे पास सभी खिलाड़ी होंगे, जो हमारे साथ थे। तो फिर ऐसे में क्वालिटी हमारी टीम में अपने आप लौट आएगी।

# जीत का स्वाद चखना चाहेगी मुंबई पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबला

**पुणे।** शुरुआती चार मैच हारने के बाद मुश्किलों का सामना कर रही मुंबई इंडियंस की टीम बुधवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ आइपीएल मुकाबले में जीत का खाता खोलने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। धीमी शुरुआत के लिए पहचानी जाने वाली पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की मौजूदा सत्र में शुरुआत बुरे सपने जैसी रही है और टीम अपने पहले चार मुकाबले गंवा चुकी है। वर्षो से मजबूत टीम के रूप में खुद को स्थापित करने वाली मुंबई की टीम मौजूदा सत्र में अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराने में बुरी तरह नाकाम रही है और अगर अपने अभियान को पटरी पर लाना है तो टीम को कई चीजों में सुधार करने की जरूरत है। टीम के बल्लेबाज बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रहे हैं, जबकि गेंदबाज भी अब तक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, जिससे टीम की मुसीबत बढ़ गई है। मुंबई की वापसी की राह काफी मुश्किल नजर आ रही हैं क्योंकि वह 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर चल रही है, लेकिन कप्तान रोहित शर्मा टीम ही नहीं, बल्कि अपने प्रदर्शन में भी सुधार करना चाहेंगे। रोहित फ्रेंचाइजी के लिए उस तरह का प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं जिसके लिए वह जाने जाते हैं और उन्हें अगर टीम के अभियान को पटरी पर लाना है तो आगे बढ़कर अगुआई करनी होगी और अपने संयोजन को सही रखना होगा। पंजाब की टीम दो जीत और इतनी ही हार के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर चल रही है और गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच में मिली हार के बाद टीम की नजरें जीत की राह पर लौटने पर टिकी होंगी। मुंबई के लिए शीर्षक्रम में रोहित काफी महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उनके सलामी जोड़ीदार इशान किशन, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा को भी बल्लेबाजी में अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी जिससे कि टीम के लिए देर ना हो जाए। विविध शाट खेलने की क्षमता रखने वाले डेवाल्ड ब्रेविस भी अब तक उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल पाए हैं। टीम प्रबंधन को उम्मीद होगी कि बल्लेबाजी इकाई एकजुट होकर



योगदान देने में सफल रहेगी। अगर टीम को बड़ा स्कोर खड़ा करना है या लक्ष्य को हासिल करना है तो शीर्ष तीन में से एक बल्लेबाज को बड़ी पारी खेलनी होगी। मुंबई के लिए सबसे कमजोर पहलू अनुभवी आलराउंडर कीरोन पोलार्ड का प्रदर्शन रहा है। अकेले दम पर मैच का रुख पलटने की क्षमता रखने वाले पोलार्ड अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आसपास भी नहीं पहुंच पा रहे और वेस्टइंडीज के इस बल्लेबाज को आगामी मुकाबलों में लय हासिल करने की उम्मीद होगी। मुंबई को हालांकि पंजाब के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना होगा जिसकी अगुआई कैगिसो रबादा कर रहे हैं और टीम में राहुल चाहर, वैभव अरोड़ा और अर्शदीप सिंह जैसे गेंदबाज भी हैं। जसप्रीत बुमराह सहित मुंबई के गेंदबाजों में मौजूदा सत्र में वह पैनापन नजर नहीं आया है जिसके लिए वे जाने जाते हैं। लेग स्पिनर मुरुगन अश्विन, बासिल थंपी और जयदेव उनादकट की मौजूदगी वाले आक्रमण को बुमराह का साथ देना होगा जो तेज गेंदबाजी में अपना जादू दोहराने की कोशिश करेंगे। मुंबई को अगर जीत दर्ज करनी है तो इन तीनों के 12 ओवर महत्वपूर्ण होंगे। मुंबई को ऐसी टीम से भिड़ना है जिसके पास शिखर धवन, लियाम लिविंगस्टोन और एम शाह रुख खान जैसे बड़े शाट खेलने में सक्षम खिलाड़ी हैं। मुंबई इंडियंस : रोहित शर्मा (कप्तान), अनमोलप्रीत सिंह, राहुल बुद्धि, रमनदीप सिंह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड, अर्जुन तेंदुलकर, बासिल थंपी, ऋतिक शौकीन, जसप्रीत बुमराह, जयदेव उनादकट, जोफ्रा आर्चर, मयंक मार्कंडे, मुरुगन अश्विन, रिले मेरेडिथ, टाइमल मिल्स, अरशद खान, डेनियल सैम्स, डेवाल्ड ब्रेविस, फैबियन एलेन, कीरोन पोलार्ड, संजय यादव, आर्यन जुयाल और इशान किशन।

# न्यूजीलैंड क्रिकेट अवार्ड में ट्रेंट बोल्ट और सोफी डिवाइन साल के सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर चुने गए

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की पुरुष राष्ट्रीय टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ ट्रेंट बोल्ट और महिला अंतरराष्ट्रीय टीम की कप्तान सोफी डिवाइन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट पुरस्कारों में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शानदार प्रदर्शन के लिए साल के सर्वश्रेष्ठ टी-20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का पुरस्कार जीता। ये पुरस्कार तीन दिन तक आनलाइन समारोह में दिए जाएंगे। पिछले साल यूएई में टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए बोल्ट को यह पुरस्कार दिया गया। न्यूजीलैंड की टीम टी-20 विश्व कप के फाइनल में पहुंची थी।बोल्ट ने अपनी टीम के फाइनल तक के सफर में अहम भूमिका निभाते हुए टूर्नामेंट में 13 विकेट चटकाए थे। बोल्ट ने इन पुरस्कारों की दौड़ में साथी तेज गेंदबाज टिम साउथी, डेवोन कोनवे और ईश सोढ़ी को पछाड़ा। अभी इंडियन प्रीमियर लीग में खेल रहे बोल्ट ने कहा, 'यह काफी मायने रखता है। टी-20 ऐसा प्रारूप है जिसका मैं काफी लुत्फ उठाता हूं और बेहतर गेंदबाज बनने के लिए लगातार अपने खेल से सामंजस्य बैठाने का प्रयास करता हूं। यह पुरस्कार विशेष है।' दूसरी तरफ, सोफी ने लगातार दूसरे साल सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला टी-20 खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। उन्होंने चार मैच में 29.50 की औसत से 118 रन बनाए और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 113.46 रहा। उनका शीर्ष स्कोर होव में इंग्लैंड के खिलाफ 50 रन था। सर्वश्रेष्ठ प्रशंसक लम्हा क्राइस्टचर्च टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम टेस्ट के साथ संन्यास ले रहे रोस टेलर के अंतिम विकेट को चुना गया। मेली केर और माइकल ब्रेसवेल को वेलिंगटन की ओर से शानदार प्रदर्शन के लिए अपने-अपने वर्ग में साल का सुपर स्मैश प्लेयर चुना गया। बुधवार को पुरस्कारों के दूसरे दिन प्रथम श्रेणी और घरेलू बल्लेबाजी और गेंदबाजी के अलावा साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला वनडे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चुने जाएंगे।

# इस मिस्ट्री स्पिनर पर हरभजन ने उठाए सवाल

नई दिल्ली, आनलाइन डेस्क। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स को आखिरकार अपनी पहली जीत नसीब हुई। रायल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मंगलवार को खेले गए मुकाबले में टीम ने शानदार खेल के दम पर 23 रन से जीत हासिल कर अंकों का खाता खोला। चेन्नई



ने रोबिन उथप्पा और शिवम दुबे की धुंआधार बल्लेबाजी के दम पर 4 विकेट पर 216 रन बनाए। जवाब में बैंगलोर की टीम 9 विकेट पर 193 रन ही बना सकी। इस मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए हरभजन सिंह ने चेन्नई के मिस्ट्री स्पिनर का मजाक बनाया और उनको इसी मैच में जवाब भी मिल गया। मंगलवार को चेन्नई की टीम ने इस सीजन का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी बैंगलोर के खिलाफ स्पिनर से शुरुआत की। टीम के मिस्ट्री स्पिनर महीष तीक्षणा जब गेंदबाजी पर लाए गए तो भारत के दिग्गज स्पिनर हरभजन कमेंट्री पैनल में मैच का हाल सुना रहे थे। उन्होंने आकाश चोपड़ा से सवाल किया आखिर इस स्पिनर में मिस्ट्री जैसा क्या है। मुझे तो यह बेहद साधारण गेंदबाज नजर आते हैं।

# राशिफल

**मेष**-अत्यधिक मानसिक दबाव और थकान परेशानी का कारण बन सकती है. अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पर्याप्त आराम करें।

**वृष**-ःआज भाग्य आपका साथ देगा। आप जो भी काम करना चाहते हैं, वह आपके मन मुताबिक ही पूरा होगा। साथ ही नए व्यवसाय में लाभ मिलने के योग भी बन रहे हैं।

**मिथुन**-ःदोहरे विचारों के साथ काम करने का मन नहीं करेगा. विशेष मामलों में निणर्य लेने में कठिनाई होगी। काम में मन कम रहेगा। कुछ चिंता भी रहेगी।

**कर्क**-ःलंबी यात्राओं से बचने की कोशिश करें। आप पैसा कमा सकते हैं, बशर्ते आप अपनी जमा राशि को पारंपरिक तरीके से निवेश करें।

**सिंह**-ःआज आपको करियर के नए अवसर प्राप्त होंगे. कड़ी मेहनत करते रहें। आज आप दूसरों की जितनी मदद करेंगे, भविष्य में आपको दोगुना इनाम मिलेगा। आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या**-ःकार्यक्षेत्र में तरक्की के योग है. व्यापार में धन लाभ होने के योग हैं। आज प्रेमी और जीवनसाथी आपकी बड़ी ताकत बने रहेंगे। नौकरी में पदोन्नति के अवसर मिल सकते हैं। काम बढ़ सकता है।

**तुला**-ःजल्दबाजी में निवेश न करें, हर संभव कोण से पड़ताल करेंगे तो नुकसान हो सकता है. दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ मौज-मस्ती करें। आप जहां हैं वहीं रहेंगे

**वृश्चिक**-ःआज आपका उदार रवैया लोगों को काफी प्रभावित करेगा. लोग आपसे जुड़ना चाहेंगे। इस राशि के इंजीनियरों के लिए आज का दिन शुभ है। नई योजनाएं बन सकती हैं

**धनु**-ःनिम्न वर्ग के लोगों से आपको मदद और लाभ मिल सकता है. व्यापार में नई योजनाएँ सामने आ सकती हैं। आज आपको नई शुरुआत करने का मौका मिल सकता है।

**मकर**-ःसकारात्मक सोच से इस समस्या से छुटकारा पाएं. किसी बड़े समूह में भाग लेना आपके लिए दिलचस्प साबित होगा, हालाँकि आपके ख़र्चे बढ़ सकते हैं।

**कुंभ**-ःआज का दिन कोई नया तोहफा लेकर आया है. ऑफिस में आज उलझे मामलों का निपटारा होगा। कार्यकुशलता के दम पर आज आपको सफलता मिलेगी।

**मीन**-आपके काम में या उन्हें करने के तरीकों में थोड़ा बदलाव हो सकता है. नौकरी और व्यापार में रुचि कम होगी। काम कम होगा और उलझन बढ़ सकती है।

## सम्पादकीय

# सभी भारतीय भाषाएं देवनागरी लिपि के माध्यम से हिंदी से जुड़ेंगी तभी अंग्रेजी का ग्रास बनने से बच पाएंगी

संसदीय राजभाषा समिति की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अंग्रेजी के विकल्प के रूप में हिंदी को अपनाने का आग्रह किया। दुर्भाग्य से इस आग्रह को लेकर दुराग्रह का प्रदर्शन शुरू हो गया है। हालांकि गृह मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा था कि हिंदी का विकास और विस्तार भारतीय भाषाओं की कीमत पर नहीं, बल्कि अंग्रेजी के बरक्स होना चाहिए, लेकिन कुछ विरोधवादियों को उनकी यह बात रास नहीं आई। इनमें तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन, एआर रहमान और प्रकाश राज जैसे लोग भी शामिल हैं। अमित शाह का कथन इस संदर्भ में विशेष महत्व रखता है कि अभी देश भर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने के लिए जोर-शोर से काम हो रहा है। इस नीति में शिक्षा का माध्यम मातृभाषाओं को बनाने पर विशेष बल है, किंतु वर्तमान शैक्षिक-सांस्कृतिक परिदृश्य में यह कार्य चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि भारतीय भाषाएं औपनिवेशिक भाषा अंग्रेजी से आशंकित और असुरक्षित हैं। अंग्रेजी धीरे-धीरे भारतीय भाषाओं को लीलती जा रही है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हिंदीतर 21 भारतीय भाषाओं की जगह बौद्धिक जगत में क्रमशः सिकुड़ती जा रही है। सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन, शासन-प्रशासन, बाजार-व्यापार के अलावा शिक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी ने बढ़त बनाई है। यह आज की बड़ी चुनौती है। केंद्र सरकार के प्रयत्नें से हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, असमिया, डोगरी, कश्मीरी और पंजाबी आदि अन्य भाषाओं को समर्थन, सम्मान और स्वीकृति प्रदान करने से स्थिति कुछ संतुलित तो हुई है, किंतु अभी बहुत काम करने की आवश्यकता है। मातृभाषा में शिक्षण शिक्षार्थी की बौद्धिक क्षमताओं के अधिकतम विकास और भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह भारत को वैश्विक ज्ञान शक्ति का केंद्र बनाने की महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला है। भारत के सांस्कृतिक गौरव की प्रतिष्ठा का प्रस्थान बिंदु भारतीय भाषाओं का पारस्परिक संपर्क, संवाद और संगठन है। अंग्रेजी वर्चस्ववाद से निपटने के लिए भारतीय भाषाओं को एक-दूसरे के निकट आने और उनके आपसी अपरिचय एवं अलगाव को मिटाने की दिशा में प्रयतन्शील होने की आवश्यकता है। भारतीय भाषाओं के विकास, प्रचार-प्रसार और आपसी संपर्क-संवाद में देवनागरी लिपि की निर्णायक भूमिका हो सकती है। तमाम भारतीय भाषाओं के श्रेष्ठतम साहित्य को देवनागरी लिपि में लिप्यांतरित करके बहुसंख्यक और व्यापक हिंदी समाज तक लाने की जरूरत है। गृह मंत्री के अनुसार पूर्वोत्तर के नौ समुदाय अपनी भाषाओं की लिपि के रूप में देवनागरी लिपि को अपना चुके हैं। पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों ने दसवीं कक्षा तक हिंदी को अनिवार्य बनाने पर भी सहमति व्यक्त की है। सभी भारतीय भाषाओं द्वारा राष्ट्रलिपि या संपर्क लिपि के रूप में देवनागरी लिपि को अपनाने की बात राजा राममोहन राय, लोकमान्य तिलक, महर्षि दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, आचार्य विनोबा भावे, कृष्णास्वामी आयंगर, मुहम्मद करीम छागला और 'देवनागरी के नवदेवता' कहे जाने वाले बिनेश्वर ब्रह्म ने समय-समय पर की। भारतीय भाषाओं की एक लिपि होने से उनके बीच का अपरिचय, अविश्वास और दूरी मिटेगी। वे एक-दूसरे के अधिक निकट आ सकेंगी। यह एक दूरगामी महत्व की परियोजना है। संस्कृत से उद्भूत भारतीय भाषाओं और लिपि-हीन भाषाओं एवं बोलियों की लिपि के रूप में देवनागरी लिपि को अपनाकर यह शुरुआत की जा सकती है। आज जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर, अंडमान-निकोबार और गोवा की अनेक ऐसी भाषाएं एवं बोलियां हैं, जो लिपि न होने के अभाव में अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं। इन क्रमशः विलुप्त हो रही भाषाओं में मौखिक साहित्य की अत्यंत समृद्ध परंपरा रही है। इसे न सिर्फ संरक्षित करने की आवश्यकता है, बल्कि अब तक अपरिचित रहे व्यापक समाज के बीच ले जाने की भी आवश्यकता है। तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम आदि जिन भारतीय भाषाओं की अपनी पृथक लिपि है, उनकी सह-लिपि के रूप में देवनागरी लिपि को अपनाने से अनेक सामाजिक-सांस्कृतिक संकीर्णताओं का निदान हो सकता है। भारत बहुभाषिक, बहुलिपिक देश है,।

# मौसम का हाल

देश में इस बार मानसून सामान्य रहेगा और देश में कृषि के लिए अहम राज्यों में पर्याप्त वर्षा होने की संभावना जताई गई है। वर्ष 2022 के लिए यह मौसम पूर्वानुमान पेश करते हुए स्काईमेट वेदर ने कहा है कि फरवरी में उसने पहला मौसम पूर्वानुमान जारी करते समय मानसून को सामान्य बताया था और इस ताजा पूर्वानुमान में उसी तथ्य को कायम रखा है। पूर्वानुमान के अनुसार चार महीनों जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर में होने वाली औसत वर्षा (880.6 मिलीमीटर) के सापेक्ष इस बार 98 प्रतिशत (पांच प्रतिशत की त्रुटि संभव) वर्षा के साथ मानसून सामान्य रहने की उम्मीद है अच्छी बात यह है कि देश के लिए खाद्यान्न उत्पादन के अग्रणी राज्यों पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में इस मानसून में वर्षा सामान्य से अधिक रहेगी। इसके साथ ही अनुमान जताया गया है कि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भी वर्षा सामान्य से अधिक ही रहेगी। स्काईमेट ने कहा है कि राजस्थान और गुजरात के साथ नगालैंड, मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा समेत पूर्वोत्तर क्षेत्र में कम वर्षा हो सकती है। मानसून के प्रमुख महीनों जुलाई और अगस्त में केरल व उत्तरी कर्नाटक के भीतरी क्षेत्रों में भी कम वर्षा का अनुमान है। स्काईमेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) योगेश पाटिल के अनुसार पिछली दो वर्षा ऋतुओं पर ला नीना का प्रभाव देखा गया था। इस बार ऐसा होने की संभावना न के बराबर है। उन्होंने बताया कि इस बार ला नीना सदियों में तेजी से कम होने लगा था, लेकिन पूर्वी हवा के तेज होने से इसकी वापसी रुक गई है। अपना चरम पार कर चुके ला नीना के प्रशांत महासागर में शांत होने की प्रक्रिया दक्षिण पूर्व मानसून के आरंभ के समय तक जारी रह सकती है। फिर भी मानसून पर विपरीत प्रभाव डालने वाले अल नीनो की सक्रियता की आशंका न के बराबर है। हालांकि इसके कारण लंबे अंतराल पर अचानक और तीव्र बारिश होने की संभावना है। अल नीनो और ला नीना मानसून पर प्रभाव डालने वाले समुद्री कारक हैं जिनके माध्यम से अल नीनो दक्षिणी कंपन (ईएनएसओ) होता है जो मौसम पर दुष्प्रभाव डालता है। हिंद महासागर द्विध्रुव (आइओडी) तटस्थ दिख रहा है, लेकिन इसके प्रतिरोध के बीच मानसून को अपने अंतिम दो माह में अल नीनो दक्षिणी कंपन से पार पाना होगा। इस कारण मासिक वर्षा वितरण में बड़ा अंतर देखने को मिल सकता है। स्काईमेट ने कहा है कि मानसून के चार महीनों में से पहले दो महीने में बाद के दो महीने से अच्छी वर्षा होने की संभावना है। हालांकि जून माह की शुरुआत से ही मानसून की अच्छी शुरुआत होने की प्रबल संभावना है। भारत में मानसून की आमद जून की शुरुआत के साथ मानी जाती है उत्तरी पाकिस्तान





और उससे सटे जम्मू-कश्मीर के पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। और प्रेरित चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र मध्य पाकिस्तान के ऊपर बना हुआ है। चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्सों और उससे सटे बिहार के निचले स्तरों पर देखा जा सकता है। एक ट्रफ रेखा बिहार से सटे पूर्वी उत्तर प्रदेश से मध्य प्रदेश होते हुए विदर्भ तक जा रही है। दक्षिण तमिलनाडु और आसपास के इलाकों में सर्कुलेशन बना हुआ है।पिछले 24 घंटों के दौरान, जम्मू संभाग के कई हिस्सों, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के कुछ हिस्सों में लू से गंभीर लू की स्थिति बनी रही। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में लू की स्थिति बनी हुई है। केरल में कुछ स्थानों के साथ हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई। बाकी तमिलनाडु, असम के कुछ हिस्सों, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में हल्की से मध्यम बारिश हुई। शेष पूर्वोत्तर भारत, सिक्किम के कुछ हिस्सों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के अलग-अलग हिस्सों में हल्की बारिश हुई।अगले 24 घंटों के दौरान, केरल, आंतरिक तमिलनाडु, सिक्किम के कुछ हिस्सों, असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। जम्मू कश्मीर, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, शेष पूर्वोत्तर भारत, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और दक्षिण कर्नाटक में हल्की से मध्यम बारिश संभव है। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में गरज के साथ छींटे और धूल भरी आंधी आ सकती है। राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों और महाराष्ट्र के अलग-अलग हिस्सों में लू से गंभीर लू की स्थिति संभव है। गुजरात के कुछ हिस्सों और दिल्ली, हरियाणा, बिहार और झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में हीट वेव की स्थिति संभव है। किसी भी सूचना या लेख को प्रसारित या प्रकाशित करने पर साभार अवश्य लिखें। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर भारत के सात उपखंड में पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख) शामिल हैं। जहां जनवरी से मार्च के दौरान वार्षिक वर्षा का लगभग 18 फीसदी बारिश होती है। इस अवधि के दौरान विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर, लद्दाख में साल भर होने वाली बारिश का लगभग 31 फीसदी होती है। इन इलाकों में रबी की फसलों के लिए सर्दियों की बारिश बहुत महत्वपूर्ण है, साथ ही यह इन क्षेत्रों के जल प्रबंधन के लिए भी महत्वपूर्ण है। इन वजहों से, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) उत्तर भारत में सर्दियों की वर्षा के लिए लंबी अवधि के लिए पूर्वानुमान जारी करता रहा है। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि इस साल देश भर में वर्षा और तापमान के मासिक और मौसमी अनुमान जारी करने के लिए एक नई रणनीति अपनाई गई है। नई रणनीति नई विकसित की गई मल्टी-मॉडल एनसेंबल (एमएमई) पर आधारित पूर्वानुमान प्रणाली है। लखनऊ का तापमान काफी गर्म और 32 से 42 के बीच होता है। आप लखनऊ में जून में लगभग आधे महीने बारिश की उम्मीद कर सकते हैं। हम लगभग 8 से 15 दिन बारिश की उम्मीद कर रहे हैं, इसलिए यदि आप सूखे रहने के इच्छुक हैं तो आपके रबड़ के जूते और छाता इस महीने बहुत उपयोग में आने वाले हैं । जून में लखनऊ में कैसे मौसम की उम्मीद की जा सकती है, इस बारे में हमारा मौसम का पूर्वानुमान आपको अच्छी जानकारी दे सकता है। यदि आप निकट भविष्य में लखनऊ जाने की योजना बना रहे हैं, तो हम विशेष रूप से अनुशंसा करते हैं कि आप जाने से पहले लखनऊ के मौसम के पूर्वानुमान की समीक्षा करें।22 से अधिक दिन बारीश होने के कारण, जून के दौरान भारत अविश्वसनीय रूप से नम रहता है। सूखे रहने के लिए अपने छाते को साथ रखे और रबर के जूते का उपयोग करें। इस महीने भारी बारिश होने वाली है जून में भारत में कैसे मौसम की उम्मीद की जा सकती है, इस बारे में हमारा मौसम का पूर्वानुमान आपको अच्छी जानकारी दे सकता है। यदि आप निकट भविष्य में भारत जाने की योजना बना रहे हैं, तो हम विशेष रूप से अनुशंसा करते हैं कि आप जाने से पहले भारत के मौसम के पूर्वानुमान की समीक्षा करें।नई दिल्ली मॉनसून 2022 का इंतजार कर रहे लोगों और कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए यह जरूरी खबर है. इस साल मॉनसून सामान्य रहने का अनुमान जताया गया है. मॉनसून की शुरुआत अच्छी रहने की उम्मीद है और जून माह में ही सबसे ज्यादा बारिश होने की उम्मीद है. जून से सितंबर महीने के दौरान औसत बारिश 880.6 मिमी. की तुलना में 98 प्रतिशत बारिश होने की संभावना है. इस दौरान गुजरात में सामान्य से कम बारिश होगी तो पंजाब, यूपी, मध्य प्रदेश, हरियाणा एवं महाराष्ट्र में ज्यादा बारिश होगी. वहीं, किसानों के लिए अच्छी खबर है कि उनके लिए मॉनसून अच्छा रहेगा, क्योंकि शुरुआती माह में फसलों की बुवाई के लिहाज से अच्छी बारिश होगी, इससे किसानों को काफी मदद मिलेगी. निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट ने 2022 के लिए मॉनसून पूर्वानुमान जारी किया है, जिसमें सामान्य मॉनसून की संभावना जताई गई है. एजेंसी के अनुसार, इस साल मॉनसून सामान्य रहेगा और औसत बारिश की तुलना में 2022 में 98 बारिश की संभावना है. दरअसल, सामान्य वर्षा का प्रसार का 96-104 है. एजेंसी ने कहा है कि भौगोलिक जोखिमों के संदर्भ में अनुमा है कि राजस्थान, गुजरात के साथ-साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में पूरे मौसम में बारिश की कमी होने का खतरा होगा. केरल और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में जुलाई और अगस्त के मुख्य मॉनसून महीनों में कम बारिश होगी. पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तर भारत के कृषि क्षेत्र और महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के वर्षा आधारित क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा होगी. सीज़न का पहला भाग बाद वाले की तुलना में बेहतर रहने की उम्मीद है. जून के शुरुआती महीने में मॉनसून की अच्छी शुरुआत होने की संभावना है. स्काईमेट के प्रमुख मौसम विज्ञानी डॉ. महेश पालावत ने न्यूज18 हिंदी (डिजिटल) को बताया कि इस साल मॉनसून किसानों और कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए बेहतर रहने की उम्मीद है, क्योंकि मॉनसून का शुरुआती दौर ही अच्छा रहने की उम्मीद है. बुवाई का वक्त होने के कारण यह किसानों के लिए अच्छा रहेगा. साथ ही उन्होंने बताया कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए भी मॉनसून अच्छा रहेगा और उम्मीद के मुताबिक बारिश होगी. और यह सितंबर तक जारी रहता है। जूनः दीर्घावधि औसत वर्षा (एलपीए) के औसत 166.9 मिमी के मुकाबले 107 प्रतिशत वर्षा हो सकती है। इस माह सामान्य वर्षा की संभावना 70 प्रतिशत है। 20 प्रतिशत संभावना है कि उम्मीद से अधिक वर्षा होगी और 10 प्रतिशत अवसर हैं कि सामान्य से कम वर्षा हो। जुलाईः एलपीए के 285.3 मिमी के बराबर वर्षा की संभावना है। सामान्य वर्षा की संभावना 65 प्रतिशत है जबकि सामान्य से अधिक वर्षा के अवसर 20 प्रतिशत हैं। सामान्य से कम वर्षा की 15 प्रतिशत संभावना ह अगस्तः इस माह के लिए एलपीए अनुमान 258.2 मिमी रहता है और इसके 95 प्रतिशत तक वर्षा हो सकती है। 60 प्रतिशत संभावना सामान्य वर्षा की है जबकि सामान्य से अधिक वर्षा की संभावना दस प्रतिशत है। इस माह सामान्य से कम वर्षा की संभावना 30 प्रतिशत बताई गई है। सितंबरः एलपीए की 170.2 मिमी वर्षा के मुकाबले 90 प्रतिशत तक वर्षा का अनुमान है। इस माह 70 प्रतिशत संभावना सामान्य से कम वर्षा की है। 20 प्रतिशत संभावना सामान्य वर्षा की है जबकि 10 प्रतिशत संभावना है कि सामान्य से कम वर्षा हो सकती है।राजधानी दिल्ली में आज आंशिक तौर पर बादल छाए रहेंगे। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 39 और 22 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 18 अप्रैल तक रोजाना ही आंशिक तौर पर बादल छाए रहेंगे। दिल्ली-एनसीआर में भीषण गर्मी और लू से थोड़ी राहत बरकरार रहेगी। उत्तराखंड में गुरुवार को कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश व गरज के साथ बौछार भी पड़ सकती है। इससे गर्मी से राहत मिल सकती है। जम्मू कश्मीर में बढ़ती गर्मी के बीच 13-14 अप्रैल को कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश एवं तेज हवा की संभावना है। इससे तपती गर्मी से हल्की राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर जाने की संभावना है। पंजाब में भीषण गर्मी की मार झेल रहे लोगों को बुधवार को राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो बुधवार को बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर बारिश भी होने का अनुमान है। बिहार के पश्चिमी और पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, अररिया और किशनगंज जिले के एक-दो स्थानों पर हल्की या मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है। वहीं यूपी की बात करें तो कानपुर समेत कानपुर देहात, उननव, हमीरपुर, हरदोई, फतेहपुर, फर्रूखाबाद, बांदा, जालौन, महोबा, कननैज, चित्रकूट, इटावा आदि जिलों में 13 से 17 अप्रैल के बीच धूल भरी आंधी के साथ बारिश भी हो सकती है। गर्मी के इस सीजन की यह पहली बारिश होगी।

# घातक हथियारों की बढ़ती होड़, विश्व शांति के लिए खतरा साबित हो रही है हाइपरसोनिक मिसाइल

कोई भी युद्ध सबसे पहले मानसिक स्तर पर लड़ा जाता है। ऐसा भी होता है कि कई मसले बिना जंग लड़े कूटनीतिक दांवपेच से ही हल कर लिए जाते हैं। इसके बावजूद मानव सभ्यता के इतिहास में ऐसा उल्लेख नहीं मिलता है, जब विभिन्न हथियारों को शक्ति दिखाने और उनके बल पर कोई मोर्चा फतह करने का जरिया न माना गया हो। सच्चाई यही है कि हथियारों के मामले में दुनिया तीर-कमान, तलवारों और तोपों के मुकाबले आज बहुत आगे निकल आई है। आज दुनिया के कई मुल्कों के पास परमाणु बम हैं, अंतरिक्ष से जंग लड़ने के साजोसामान हैं, ड्रोन हैं और वे मिसाइलें हैं, जिन्हें एक जगह से दागकर दुनिया के किसी भी हिस्से में हमला किया जा सकता है। अत्याधुनिक हथियारों में तब्दील हो गईं ये मिसाइलें किसी भी जंग का रुख कैसे मोड़ सकती हैं, इसका उदाहरण आज रूस-यूक्रेन युद्ध में मिल रहा है। मार्च में रूस ने यूक्रेन युद्ध में पहली बार दो हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया। रूस के मुताबिक, मिसाइलों ने नाटो के सदस्य देश रोमानिया की सीमा से सटे इलाके में यूक्रेनी सेना के उन बड़े भूमिगत गोदामों को खत्म कर दिया, जहां उसके हथियार रखे गए थे। दुनिया में यह पहला अवसर है, जब एक युद्ध में हाइपरसोनिक मिसाइल जैसे बेहद आधुनिक हथियार का इस्तेमाल हुआ है। करीब दो हजार किलोमीटर तक मार करने वाली रूसी किंजाल हाइपरसोनिक मिसाइलें मैक-10 यानी ध्वनि की गति से 10 गुना तेज रफ्तार से तय लक्ष्य को भेद सकती हैं। ये मिसाइलें 12 हजार से 14 हजार किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ सकती हैं। इनकी गति माहौल के अनुसार बदल सकती है। लक्ष्य के स्थान बदलने पर इनके उड़ान मार्ग में भी परिवर्तन किया जा सकता है। ऐसे में आज की तारीख में इनसे बचाव का कोई उपाय नहीं है। यानी ऐसा कोई भी मिसाइल सुरक्षा कवच (डिफेंस सिस्टम) नहीं है, जो किंजाल मिसाइलों की रोकथाम कर सके। उल्लेखनीय है कि इन मिसाइलों को चार साल पहले खुद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यह कहते हुए पेश किया था कि इनके जरिये नाटो के युद्धपोतों और मिसाइल सिस्टम का आसानी से मुकाबला किया जा सकता है। रूस यहीं रुके नहीं रहना चाहता है, बल्कि वह अवांगार्ड मिसाइल सिस्टम भी विकसित कर रहा है, जिसके तहत उसकी मिसाइलें ध्वनि की गति से 27 गुना ज्यादा रफ्तार से उड़ सकती हैं। उन्हें उड़ान भरने के बाद रास्ता बदलने की खूबी और तीखे मोड़ वाले घुमावदार मार्ग पर भी उड़ान भरने की क्षमता से लैस किया जा रहा है। हाइपरसोनिक मिसाइलों के मामले में रूस बेशक आगे है, पर अमेरिका, चीन, उत्तर कोरिया और भारत समेत कई देश भी हैं, जो अपनी सेनाओं को इन घातक मिसाइलों से लैस करना चाहते हैं। हाल में पाकिस्तान ने ठोस ईंधन से चलने वाली, जमीन से जमीन पर मार करने वाली और परमाणु हथियार ले जाने वाली जिस बैलिस्टिक मिसाइल शाहीन-3 का परीक्षण किया है, उसकी रेंज 2750 किलोमीटर तक है। यूं तो कह सकते हैं कि यूक्रेन पर हाइपरसोनिक मिसाइलों के हमले



ने इनके प्रति दुनिया में नई चाहत पैदा कर दी है। अब पूरी दुनिया में इस पर विचार होने लगा है कि अगर कोई देश शत्रुओं से अपनी सीमाओं की सुरक्षा करना चाहता है तो शक्ति संतुलन के लिए हाइपरसोनिक मिसाइलें एक अनिवार्यता हैं। जो देश पहले से इन पर काम कर रहे हैं, वहां हाल में इनके परीक्षण में तेजी देखी गई है। जैसे मार्च 2022 में ही अमेरिकी सेना ने बताया कि अमेरिका की डिफेंस एडवांस रिसर्च प्रोजेक्ट एजेंसी ने हवाई जहाज से दागी जाने वाली एक हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया है, जो मैक-5 यानी ध्वनि से पांच गुना तेज गति से उड़ान भरने में सक्षम है। दावा है कि अमेरिका प्रतिद्वंद्वी रूस से आगे निकलने के लिए हाइपरसोनिक मिसाइलों के विकास के लिए एक कार्यक्रम चला रहा। अमेरिका इन मिसाइलों पर कितना जोर दे रहा है, इसका खुलासा अमेरिकी रक्षा मंत्रलय पेंटागन द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 के लिए मांगे गए बजट से होता है, जिसमें से 4.7 अरब डालर का फंड हाइपरसोनिक हथियारों के शोध और विकास के लिए रखा गया है। चीन से संभावित खतरे के खिलाफ तैयारी के रूप में अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया ने आकस नाम का जो संगठन बनाया है, उसके तहत यह घोषणा भी की गई है कि ये देश मिलकर हाइपरसोनिक हथियार बनाएंगे। इसमें संदेह नहीं है कि रूस इस मामले में सबसे आगे है, लेकिन अमेरिका, रूस, भारत, उत्तर कोरिया, फ्रांस, जापान, आस्ट्रेलिया और चीन समेत कई अन्य देश भी हाइपरसोनिक मिसाइलों को विकसित करने पर तेजी से काम कर रहे हैं। चीन इन मिसाइलों के मामले में रूस और अमेरिका को चुनौती देने की हैसियत में आ गया है। पिछले साल अक्टूबर में अमेरिकी सेना प्रमुख ने चीन में हाइपरसोनिक मिसाइल के परीक्षण की पुष्टि की थी। चीन ने जिस मिसाइल का परीक्षण किया था वह पूरी दुनिया में मार कर सकती है। अमेरिकी सेना के ज्वाइंट चीफ आफ स्टाफ के चेयरमैन मार्क माइक ने उस मिसाइल टेस्ट को 'स्पुतनिक क्षण' करार दिया था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1957 में अंतरिक्ष में पहला मानव निर्मित उपग्रह स्पुतनिक लांच कर तत्कालीन सोवियत संघ ने अमेरिका समेत पूरी दुनिया को चौंका दिया था। अंतरिक्ष अनुसंधान में सोवियत संघ की बढ़त से अमेरिका में काफी खलबली मची थी। फिर अमेरिका ने रूस से पहले चंद्रमा पर इंसान को उतार कर अपनी बढ़त दर्शाई थी। आज के दौर में चीन के हाइपरसानिक मिसाइल परीक्षण को भी अमेरिकी सेना उसी नजर से देख रही है। उधर उत्तर कोरिया भी जब-तब घातक मिसाइलों का परीक्षण कर दुनिया को चिंता में डालता रहा है। सच है रूस-यूक्रेन युद्ध ने पूरी दुनिया में नए किस्म की हाइपरसोनिक मिसाइलों की होड़ पैदा कर दी है। हाइपरसोनिक मिसाइलें क्रूज मिसाइलों की तुलना में कई गुना ज्यादा घातक होती हैं। ये तेजी से लक्ष्य तक पहुंच जाती हैं। भूमिगत ठिकानों तक को नुकसान पहुंचाती हैं। इसलिए ज्यादातर देश इन्हें जल्द ही अपने सैन्य बेड़े में शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं। यह भी बताना जरूरी है कि हाइपरसोनिक मिसाइलें वैश्विक सैन्य संतुलन के लिए बड़ा खतरा हैं। वजह यह है कि जो देश ऐसी मिसाइलें बना नहीं सकते या कहीं से खरीद नहीं सकते, वे ताकतवर मुल्कों के सामने उसी तरह असहाय स्थिति में होंगे, जिस तरह आज यूक्रेन खुद को रूस के समक्ष महसूस कर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने पूरी दुनिया में नए किस्म की हाइपरसोनिक मिसाइलों की होड़ बढ़ा दी है। ऐसे घातक हथियार वैश्विक सैन्य संतुलन के लिए बड़ा खतरा हैं। वजह यह है कि जो देश ऐसी मिसाइलें नहीं बना सकते या कहीं से खरीद नहीं सकते, वे ताकतवर मुल्कों के सामने उसी तरह असहाय स्थिति में होंगे, जिस तरह आज यूक्रेन खुद को रूस के समक्ष महसूस कर रहा है

## संक्षिप्त समाचार

### आईआईटी मंडी का यह शोध प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण से दिलाएगा निजात

**नई दिल्ली।** आईआईटी मंडी के शोधकर्ताओं ने प्रकाश के संपर्क में प्लास्टिक को हाइड्रोजन में बदलने की विशेष विधि विकसित की है। प्लास्टिक से हाइड्रोजन बनना इसलिए भी लाभदायक है, क्योंकि हाइड्रोजन गैस भविष्य का सबसे व्यावहारिक गैर प्रदूषक ईंधन माना जाता है। प्लास्टिक अधिकतर पेट्रोलियम से प्राप्त होते हैं परंतु ये बायो-डिग्रेडेबल नहीं हैं। इसका अर्थ यह है कि उन्हें आसानी से बिना नुकसान के अन्य उत्पादों में विघटित नहीं किया जा सकता है। कहते हैं कि अब तक बने 4.9 बिलियन टन प्लास्टिक का अधिकांश आखिर लैंडफिल में पहुंचेगा, जिससे मनुष्य के स्वास्थ्य और पर्यावरण को बड़ा खतरा है। बेकाबू हो रहे प्लास्टिक प्रदूषण रोकने के प्रति उत्साहित आईआईटी मंडी के शोधकर्ता प्लास्टिक को उपयोगी रसायनों में बदलने की विशेष विधि विकसित कर रहे हैं। आईआईटी मंडी के बेसिक साइंसेज के प्रोफेसर डा. प्रेम फेक्सिल सिरिल का कहना है कि प्लास्टिक से सही मायनों में छुटकारा पाने का आदर्श उपाय उसे उपयोगी रसायनों में बदलना है। प्लास्टिक से हाइड्रोजन बनाना विशेष रूप से लाभदायक है क्योंकि इस गैस को भविष्य का सबसे व्यावहारिक गैर-प्रदूषक ईंधन माना जाता है।

### पहले मेड इन इंडिया विमान डोर्नियर ने भरी उड़ान, डिब्रूगढ़ से पासीघाट के बीच था रूट, देखें वीडियो

**नई दिल्ली।** भारत में निर्मित डोर्नियर 228 ने मंगलवार को पहली कामर्शियल उड़ान भरी। स्वदेशी विमान डोनियर 228 के संचालन का जिम्मा एलाइंस एयर को दिया गया है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया औरकिरेन रिजिजू ने भी इसकी सवारी की। सिंधिया ने उड़ान की कुछ तस्वीरें ट्वीट भी की हैं।बता दें कि अभी तक डोर्नियर विमानों का प्रयोग सैन्य बलों द्वारा ही किया जाता रहा है। फरवरी में इस विमान के लिए एलायंस एयर ने हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से समझौता किया था।

# दिल्ली समेत कुछ राज्यों में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को लेकर केंद्र सतर्क, स्वास्थ्य मंत्री ने की विशेषज्ञों के साथ अहम बैठक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत कुछ राज्यों में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को लेकर केंद्र सतर्क हो गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को विशेषज्ञों और अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरत नहीं है। समीक्षा बैठक के दौरान मांडविया ने अधिकारियों से टीकाकरण अभियान को तेज करने और हर जरूरतमंद तक टीका पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में नीति आयोग के सदस्य व कोरोना टीकाकरण अभियान के लिए गठित




हालात की समीक्षा की और नए वैरिएंट के साथ ही दवाओं व इलाज के लिए जरूरी अन्य सुविधाओं की उपलब्धता पर नजर रखने का निर्देश दिया। बाद में भाजपा मुख्यालय में मांडविया ने कहा कि कोरोना का नया एक्सई सब-वैरिएंट ओमिक्रोन के दो वैरिएंट से मिलकर बना है और इससे घबराने की समिति के प्रमुख डा. वीके पाल, स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, आइसीएमआर के प्रमुख डा. बलराम भार्गव, एम्स के निदेशक डा. रणदीप गुलेरिया, टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी की सलाहकार समूह (एनटागी) के प्रमुख डा. एनके अरोड़ा के साथ-साथ स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत में सफल टीकाकरण अभियान के कारण कोरोना की तीसरी लहर दूसरी लहर की तुलना में कम भयावह साबित हुई। उनके अनुसार दुनिया के अन्य देशों के आंकड़े देखने से साफ है कि तीसरी लहर में लोगों की मौतें दूसरी लहर जैसी ही हुईं, लेकिन भारत की स्थिति इससे अलग रही। कोरोना खत्म नहीं हुआ, लोग सावधान रहें मांडविया ने कहा कि अभी कोरोना खत्म नहीं हुआ है, इसलिए लोगों को सतर्क रहना चाहिए। 12 साल से कम उम्र के बच्चों के टीकाकरण पर उन्होंने कहा कि इसका फैसला विशेषज्ञों की राय के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बहुत कम देशों में ही इस आयुवर्ग के बच्चों का टीकाकरण हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद भारत इंद्रधनुष मिशन के तहत बच्चों के लिए टीकाकरण अभियान को तेज करने में सफल रहा। मांडविया ने ट्वीट किया, '2015-16 में भारत में जहां एक से दो साल के बीच 62 प्रतिशथ बच्चों का टीकाकरण हुआ था, वहीं 2019-21 में यह आंकड़ा 76.4 प्रतिशत पर पहुंच गया।'मंडाविया के अनुसार यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देने का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मिशन इंद्रधनुष के जरिये बच्चों के टीकाकरण का अभियान जारी है और इसके तहत अधिक-से-अधिक बच्चों को कवर करने के प्रयास किये जा रहे हैं। देश में कोरोना वायरस के वेरिएंट का पहला मामला महाराष्ट्र में आया था और दुनिया में इस वैरिएंट का पहला मामला ब्रिटेन में मिला था। विशेषज्ञों का मानना है कि यह नया वैरिएंट ओमिक्रोन की तुलना में 10 गुना अधिक संक्रामक है। बृहनमुंबई नगरपालिका के एक अधिकारी ने बताया था कि जीनोम सीक्वेंसिंग लैबोरेटरी में 11वें बैच के 376 नमूनों की सीक्वेंसिंग में इस नतीजे का पता चला। इसके अलावा कप्पा वैरिएंट का भी एक मामला सामने आया। मुंबई भेजे गए 230 नमूनों में से 228 ओमिक्रोन के थे जबकि एक कप्पा और '' वैरिएंट का था। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वैरिएंट्स में बदलाव के बाद जो नया रूप बनता है वह पहले की तुलना में अधिक संक्रामक होता है। कोरोना वायरस का यह नया वैरिएंट ओमिक्रोन का सबवैरिएंट है। इससे पहले ओमिक्रोन के दो वैरिएंट 1 ओर 2 सामने आ चुके हैं और नए वैरिएंट के बारे में कहा जा रहा है कि यह इन्हीं पुराने दोनों वैरिएंट से मिलकर बना है। जांच के दौरान इसकी पहचान करना भी मुश्किल है और इसलिए इसे 'स्टील्थ वैरिएंट' कहा जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है ।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में नवनियुक्त पराविधिक स्वयं सेवकों का चतुर्थ प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व 30 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर में नवनियुक्त पराविधिक स्वयं सेवकगण के प्रशिक्षण संबंधी इन्डक्सन कोर्स का



आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में आज दिनांक 12.04.2022 को आई0आई0एम0टी0 कॉलिज आफ लॉ के सभागार में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर श्री अशोक कुमार-सप्तम, पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री जयहिंद कुमार सिंह, श्री शंशाक गुप्ता, प्रधान मजिस्टेट, किशोर न्याय बोर्ड, समाज कल्याण अधिकारी श्री शैलेन्द्र बहादुर सिहं, तहसीलदार सदर, श्री यदूवंश कुमार वर्मा, आई0आई0एम0टी0 कॉलिज आफ लॉ के डायरेक्टर श्री मयंक अग्रवाल, संकायाध्यक्ष डा0 श्रीमती मोनिका रस्तोगी, श्री एम0के0 सोनी, श्री मुनीष कुमार शर्मा, एच0ओ0डी0 विपिन भाटी गौतमबुद्धनगर व चयनित पराविधिक स्वंय सेवकों के साथ अन्य स्टाफ आदि उपस्थित रहे माननीय जिला न्यायाधीश श्री अशोक कुमार-सप्तम् ने बताया कि पीएलवी के रुप में कार्य करते हुये समाज के कमजोर व वंचित वर्गो के समस्याओं को समझने तथा उन समस्याओं का समाधान करते हुये व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होगा, जो विधि के छात्रों के लिये पढाई के साथ-साथ समाज के समस्याओं को समझने में सहायक होगा, जिससे अध्ययनरत छात्रों को आगे अनुभव में काम आएगा। चयनित पी.एल.वी को डी.एल.एस.ए के साथ विभिन्न प्रकार के विधि सेवाओं, विधिक सहायता और जन जागरुकता के कई कार्यो में शामिल किया जाएगा। पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री जयहिंद कुमार सिंह द्वारा उपस्थित पराविधिक स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण योजना के तहत उल्लिखित उनके कर्तव्यों के बारे में अवगत कराते हुये समाज के कमजोर व वंचित वर्गो के उत्थान के लिये तत्परता के साथ आगे आकर कार्य करने के लिये जागरुक किया गया। श्री शंशाक गुप्ता प्रधान मजिस्टेट, किशोर न्याय बोर्ड, द्वारा पीएलवीगण को किशोर न्याय अधिनियम के बाबत जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा जिला बाल सम्प्रेक्षण गृह में किशोर आपचारियों की देख-भाल आदि के विषय पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। श्री शैलेन्द्र बहादुर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा जनमानस के लिये सरकार व प्रशासन द्वारा जनकल्याण हेतु संचालित योजनाओं जैसे वृदावस्था पेंशन योजना, विधवा पेशन योजना आदि के बाबत जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा समाजिक सुरक्षा विषय पर विस्तृत रुप से आर्थिक, राजनैतिक व सामाजिक न्याय के विषय पर विस्तृत जानकारी दिया गया। श्री यदूवंश कुमार वर्मा, तहसीलदार सदर, गौतमबुद्धनगर द्वारा तहसील विभाग द्वारा संचालित आय प्रमाण-पत्र, फसल बीमा योजना, किसान बीमा योजना आदि योजनाओं के बाबत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री अशोक कुमार-सप्तम, जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर, पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री जयहिंद कुमार सिंह, श्री शंशाक गुप्ता, प्रधान मजिस्टेट, किशोर न्याय बोर्ड, समाज कल्याण अधिकारी श्री शैलेन्द्र बहादुर सिहं, तहसीलदार सदर, श्री यदूवंश कुमार वर्मा, आई0आई0एम0टी0 कॉलिज आफ लॉ के डायरेक्टर श्री मयंक अग्रवाल, संकायाध्यक्ष डा0 श्रीमती मोनिका रस्तोगी, श्री एम0के0 सोनी, श्री मुनीष कुमार शर्मा, एच0ओ0डी0 विपिन भाटी गौतमबुद्धनगर मौजूद रहे ।

# सुलेमानिया के गवर्नर ने किया आइआइएमसी का दौरा

**नई दिल्ली।** इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में स्थित सुलेमानिया प्रांत के गवर्नर डाक्टर हवल अबूबकर ने इराक की उननति में भारतीयों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि सुलेमानिया में भी एक हिन्दुस्तान बसता है। 25,000 से ज्यादा भारतीय कुर्दिस्तान में रहते हैं, जिनके योगदान से आज हमारा देश तरक्की की नई इबारत लिख रहा है। डाक्टर अबूबकर मंगलवार को भारतीय जन संचार संस्थान (घ्छ्श्ण) में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। डाक्टर अबूबकर ने कहा कि हाल ही में सुलेमानिया में महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित की गई है, जो हम सभी को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि 'कुर्दिस्तान' और 'हिन्दुस्तान' दोनों शब्द एक दूसरे से मिलते-जुलते हैं। भारत और भारतीयों में मानवता दिखाई देती है। अबूबकर ने कहा कि भारत की संस्कृति बेहद विशाल है। सुलेमानिया में भी भारत की सांस्कृतिक विरासत के प्रमाण मिले हैं।




# किरायादारों व घरेलू नौकरों की जानकारी 30 अप्रैल तक थाना में होगी जमा

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश कुमार गुप्ता

**शहडोल (ब्यौहारी)** ।किरायेदारों, घरेलू नौकरों की सूचना नहीं देने पर अभियोजन की कार्यवाही होगी। संदिग्ध लोगों तथा किरायेदारों व नौकरों के सत्यापन हेतु पुलिस मुख्यालय से निर्देश जारी हुए इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शहडोल अवधेश गोस्वामी के निर्देशन पर थाना प्रभारी अनिलपटेल के द्वारा थाना क्षेत्र में निबासरत संदिग्ध एवं अनाधिकृत व्यक्तियों की पहचान हेतु सभी से आगामी 30 अप्रैल 2022 के पूर्व किरायेदारों, घरेलू नौकरों,एवं श्रमिकों के चरित्र व पूर्ववृत्त सत्यापन हेतु निर्देशित किया गया है। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सामुदायिक पुलिसिंग से जुडी ग्राम / नगर रक्षा समितियों एवं मोहल्ला समितियों का भी पूरा सहयोग लिया जाएगा। जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रोफार्मा को मयसहपत्रों के स्थानीय थाने में तय समयसीमा मे जमा करना होगा। अभियान को प्रभावी बनाने थानाप्रभारी अनिलपटेल ने थानाक्षेत्र में निवास करने वाले सभी नागरिकों से अपने किरायेदारों, घरेलू नौकरों व श्रमिकों का चरित्र सत्यापन करा फार्म को थाने मे जमा कराने की लोगों से अपील की है। सरकार के दंड संहिता 1973 की धारा 144 जा.फौ. के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत सभी ब्यक्तियों/मकान मालिकों को उनके मकान में रहने बाले किरायादारों, घरेलूनौकरों, व श्रमिकों की जानकारी तत्काल सम्बंधित थाने को देना अनिवार्य होगा। आदेश का उल्लंघन करने पर सम्बंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय दंडसंहिता के प्रावधानों के तहत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। अनाधिकृत रुपसे रह रहे किरायेदार व घरेलू नौकर कभी भी आंतरिक सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के लिए गम्भीर खतरा पैदा कर सकते है। नागरिकों से आपेक्षा है कि यदि उनके यहां कोई किरायेदार निबासरत है अथवा घरेलू नौकर कार्य करता है। तो इस सम्बंध में तत्काल स्थानीय थाने को पूरी जानकारी उपलब्ध कराए अन्यथा इनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाऐगी।

## पहली बार भारत में बनी वैक्सीन यूरोप में बेची जा रही है

**नई दिल्ली।** कोरोना काल में भारतीय वैक्सीन का जलवा पूरी दुनिया को देखने को मिला। भारत की वैवसीन न सिर्फ देशवासियों को लगाई गई बल्कि पूरी दुनिया में इसका निर्यात किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाले सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने कहा कि हमारे पास 20 करोड़ खुराक का भंडार है। हम पहले ही यूरोपीय देशों और आस्ट्रेलिया को 4 करोड़ खुराक निर्यात कर चुके हैं। यह पहली बार है कि भारत में बनी कोई वैक्सीन यूरोप में बेची जा रही है। उन्होंने कहा कि हमने इसे लेने के इच्छुक प्रत्येक व्यक्ति के लिए इसे और अधिक सुलभ बनाने के लिए (निजी अस्पतालों में टीके की खुराक की) कीमत कम कर दी। हम 225 रुपये चार्ज कर रहे हैं। इसमें अस्पताल वाले 150 रुपये अलग से प्रशासन शुल्क लेते हैं, जो कि 800-900 रुपये से काफी कम है।




# ब्लाक कांग्रेस ब्योहारी ने निकाली भगवान राम की भव्य शोभायात्रा

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश कुमार गुप्ता

**शहडोल (ब्यौहारी)** । मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी निर्देश पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी द्वारा 10 अप्रैल दिन रविवार को रामनवमी के पावन पर्व पर हमारे आराध्य प्रभु श्री राम जी के जयंती पर विशाल कलश व शोभायात्रा निकाली गई यात्रा में श्री रामचन्द्र जी के अर्चना कर शोभायात्रा आगे बढ़कर मार्तण्ड गंज वार्ड क्रमांक 9 पहुंची जहां पर विनय फोटो कापी के संचालक अलोक श्रीवास्तव द्वारा यात्रा में शामिल भक्तजनों को चाय पानी की व्यवस्था की गई इसके पश्चात शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए बनसुकली चौराहा से टोपनदास चौराहा से होकर नगर के लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंची जहां



स्वरूप को रथ पर विराजमान कर हनुमान मंदिर ब्योहारी से ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी के अध्यक्ष विनोद ताम्रकार द्वारा पुजा अर्चना कर शोभायात्रा का शुभारंभ गाजे बाजे के साथ किया व नगर भ्रमण करवाते हुए शोभायात्रा बस स्टैंड से होकर नगर के बहुचर्चित देवी मंदिर पहुंची जहां पर पुनः पुजा पर भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की पुजा अर्चना कर शोभायात्रा आगे बढ़ी और झंडा बजार होते हुए नगर के प्रसिद्ध राम मंदिर पहुंची जहां पर भगवान श्री राम की विधिवत पूजा अर्चना कर जय श्री राम की गुंज के साथ समुचा मंदिर परिसर गूंज उठा इसके पश्चात शोभायात्रा आगे बढ़ी और नगरिया मंदिर जहां पर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर रहे भक्तजनों ने शोभायात्रा में भगवान श्री राम की पुजा की इसके बाद शोभायात्रा नगर के वार्ड क्रमांक 11 में कोरियान टोला होते हुए हाई स्कूल से एसडीओपी कार्यालय से हनुमान मंदिर पहुंची जहां पर भगवान श्री राम की पुजा अर्चना कर शोभायात्रा का समापन किया गया एवं यात्रा में शामिल भारी संख्या में नगर वासियों व सहयोगियों को प्रसाद वितरित किया गया शोभायात्रा में भारी संख्या में आम जन मानस व यह रहें उपस्थित हरेंद्र सिंह अशोक श्रीवास्तव हरिमोहन तिवारी महेंद्र बरगाही सतेन्द्र त्रिपाठी पिंटू पुष्पेंद्र पटेल आयुष ताम्रकार विक्रम सिंह बघेल हरिशंकर कोरी पुष्पेंद्र परौहा हरि सिंह बरगाही पप्पू नामदेव अरविंद पाण्डेय चिरंजीव लाल चंचलानी प्रकाश ताम्रकार लक्ष्मीकांत तिवारी नारेन्द पांडे गीता कोल विकास द्विवेदी नारेन्द्र सिंह राजेंद्र सोनी एल एम त्रिपाठी कौशल परस्ते कमला कोरी नागेन्द्र वर्मा नीलेन्द शर्मा दिलीप मरावी ओपी शुक्ला सुंदर लाल गुप्ता आशीष शुक्ला सहित हजारों की तदाद में भक्तजन व सहयोगी उपस्थित रहे।

# गलत ट्वीट कर फंसे दिग्विजय सिंह, दर्ज किया गया मामला

**भोपाल।** कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर भोपाल क्राइम ब्रांच ने धार्मिक उन्माद फैलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि रामनवमी की शोभायात्रा पर मध्य प्रदेश के खरगोन और बड़वानी जिले के सेंधवा में पथराव



की घटनाएं हुई थीं। खरगोन में तनाव बढ़ने पर कर्फ्यू लगाना पड़ा है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को एक फोटो ट्वीट किया जिसमें एक युवक धार्मिक स्थल पर भगवा झंडा फहराते दिखाई दे रहा है। इस ट्वीट पर कमेंट से माहौल सांप्रदायिक रंग लेने लगा। इसके बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर कहा कि दिग्विजय सिंह उन्माद भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने जिस फोटो का उपयोग किया है वह मध्य प्रदेश का नहीं है। इसके बाद दिग्विजय ने अपना ट्वीट डिलीट कर दिया। इस मामले को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भोपाल क्राइम ब्रांच के कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने चित्तौड़ कांप्लेक्स निवासी प्रकाश मांडे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस आयुक्त मकरंद देउस्कर ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी गई है। 153(ए)ः किसी धर्म या संप्रदाय के खिलाफ धार्मिक भावनाओं का ऐसा कार्य, जिससे लोगों के बीच में शांति या बाधा उत्पनन्‍ होती है। इसमें तीन वर्ष का कारावास या जुर्माना हो सकता है। - 295(ए)ः धार्मिक भावनाओं को आहत करना। - 465ः कूटरचना करना। - 505 (2)ः गैर जमानती, संज्ञेय व दो समुदायों के बीच शत्रुता, घृणा की भावना पैदा करने का आशय के तहत असत्य कथन कहना। इसमें तीन साल तक का कारावास का प्रविधान है। भोपाल से विधायक रामेश्वर शर्मा और नेताओं ने क्राइम ब्रांच थाने पहुंचकर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह द्वारा गए गए ट्वीट को लेकर शिकायत की थी।

# प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप कायऱ्योजना तैयार करते हुये कार्य करने के अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश.........

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में किसानों को समय से गन्ना भुगतान व आबकारी राजस्व बढ़ाने एवं शराब की ओवर रेटिंग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आज अपर मुख्य सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास तथा आबकारी विभाग 30प्र0 शासन संजय आर. भूसरेड्डी ने अपने जनपद गौतमबुद्धनगर भ्रमण के दौरान कलैक्ट्रेट सभागार में मेरठ मण्डल के समस्त जनपदों के आबकारी विभाग के कायी की समीक्षा करते हुये कहा कि आबकारी विभाग के माध्यम से प्रदेश सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व प्राप्त होता है, इसलिए सम्बंधित अधिकारियों का ओर अधिक दायित्व बढ़ जाता है कि सभी शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अपने-अपने जनपद की कायऱ्योजना तैयार करते हुये अपनी प्रगति रिपोर्ट तैयार करें, ताकि माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा को मूर्त रूप दिया जा सकें। उन्होंने समीक्षा के दौरान यह भी कहा कि वर्तमान सरकार के अथक प्रयासों से आबकारी विभाग के द्वारा प्रदेश भर मे गनन विभाग एवं आबकारी विभाग से संबंधित 99 सेनेटाइजर एवं अन्य प्रकार की औद्योगिक ईकाइ स्थापित करायी गयी।अपर मुख्य सचिव ने सर्वप्रथम आबकारी विभाग के कायी की समीक्षा करते हुये कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप जनपदों में ओवर रेटिंग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला आबकारी अधिकारी निरन्तर अभियान चलाकर ओवर रेटिंग करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लाये। साथ ही उन्होंने समस्त जिला आबकारी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि उनके द्वारा किसी भी दुकान पर ओवर रेटिंग होते पाये जाने पर सेल्स मेन के साथ-साथ दुकान स्वामी के विरूद्ध भी कठोरत कार्यवाही की जाये, ताकि अन्य सेल्समेन व दुकान स्वामियों को एक संदेश जा सकें कि यदि भविष्य में उनके द्वारा भी ओवर रेटिंग की गयी तो उनके विरूद्ध भी इसी तरह की कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि सभी के द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस प्रकार अपनी कायऱ्योजना तैयार की जायें कि




उनकी प्रगति रिपोर्ट शासन की मंशा के अनुरूप तैयार हो सकें साथ ही लक्ष्यों के सापेक्ष अधिक से अधिक राजस्व की प्राप्ति संभव हो सके। अपर मुख्य सचिव के द्वारा आबकारी विभाग के माध्यम से चलायें जा रहे प्रवर्तन अभियान के कार्यो की सराहना की गयी और उन्होंने सभी अधिकारियों का आव्हान करते हुए कहा कि इसी प्रकार आगे भी समस्त अधिकारियों के द्वारा आबकारी राजस्व बढ़ाने एवं अवैध शराब की बिक्री रोकने के उद्देश्य से निरंतर स्तर पर प्रवर्तन के कार्य में और अधिक गतिशीलता लाई जाए।अपर मुख्य सचिव ने आबकारी विभाग के कायी की समीक्षा बैठक के उपरान्त गनन विकास एवं किसानों को गनन भुगतान समय से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चीनी उद्योग एवं गनन विकास विभाग के कायी की समीक्षा करते हुये कहा कि सभी चीनी मीलों के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप अपनी कायऱ्योजना तैयार करते हुये किसानों को गनन्‍ का बकाया भुगतान समय से कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रदेश सरकार को लेकर किसानों में एक सकारात्मक संदेश जा सकें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुये यह भी कहा कि सभी के द्वारा गन्ने का सर्वे करने की कार्ययोजना तैयार करते हुये 20 अप्रैल से 30 जून तक गन्ने सर्वे का कार्य पूर्ण करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। बैठक का सफल संचालन संयुक्त आबकारी आयुक्त मेरठ जोन मेरठ महेंद्र सिंह के द्वारा किया गया।इस महत्वपूर्ण बैठक में जिलाधिकारी सुहास एल0वाई0, उप आबकारी आयुक्त राजेश, जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुध नगर राकेश बहादुर सिंह, जिला आबकारी अधिकारी गाजियाबाद राकेश कुमार सिंह के साथ ही जिला आबकारी अधिकारी मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, बागपत व गनन विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त जानकारी राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी ।

## वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी बोले, आधुनिक जंग की चुनौतियों के हिसाब से अपने को करना होगा तैयार

**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा है कि भविष्य के युद्ध हाईब्रिड होंगे जिसमें कंप्यूटर से साइबर अटैक, सूचनाओं का ब्लैक आउट, आर्थिक नाकेबंदी से लेकर हाइपरसोनिक मिसाइल जंग का मुख्य हथियार होंगे। इस नई चुनौती के दौर में साइबर व सूचना युद्ध क्षेत्र का स्वरूप और आकार तय करने के आधुनिक यंत्र बन रहे हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि सूचना युग के इस दौर में लोग एक दूसरे से आपस में ज्यादा गहरे रूप से जुड़ गए हैं और ऐसे में हमारे सूचना नेटवर्क पर साइबर हमला हमारे कमांड ओर कंट्रोल सिस्टम को पंगु बना सकता है। इस लिहाज से हमें आधुनिक जंग की चुनौतियों के हिसाब से अपने को तैयार करना होगा। वायुसेना प्रमुख ने आल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कार्यक्रम में भविष्य के वारफेयर की चुनौतियों की चर्चा करते हुए कहा कि भविष्य में जंग परंपरागत जमीनी तौर पर नहीं बल्कि हाइब्रिड लेवल की होगी जिसमें पता भी नहीं चलेगा कि साइबर अटैक कहां से हुआ। नए दौर की जंग में दुश्मन शायद एक देश या संगठन न हो और शायद यह पता भी न चल पाए कि हमारे कंप्यूटरों पर हमला करने वाले कौन लोग हैं। इस तरह का हमला कब और कहां से होगा इसका अनुमान लगाना भी मुश्किल है।एयरचीफ मार्शल ने कहा कि सूचनाओं की इसमें अहमियत काफी होगी।

# इंतजार खत्म इस तारीख को आएगा चौथा सीजन नेटफ्लिक्स ने जारी किया ट्रेलर............

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स की बेहद चर्चित सीरीज स्ट्रेंजर थिंग्स के चौथे सीजन के लिए फैंस का इंतजार बस खत्म हो गया है। चौथा सीजन



दो भागों में रिलीज किया जा रहा है। मंगलवार को लम्बे इंतजार के बाद नेटफ्लिक्स ने आखिरी सीजन के पहले वॉल्यूम का ट्रेलर रिलीज कर दिया। साथ ही रिलीज डेट का भी खुलासा किया। चौथे सीजन के ट्रेलर में दिखाया गया है कि स्टोरी विभिनन्न लोकेशंस पर सेट की गयी है। जॉयस और बायर्स कैलिफोर्निया चले गये हैं, जहां कहानी का बड़ा हिस्सा दिखाया गया है। ट्रेलर शेयर करके नेटफ्लिक्स के एकाउंट से लिखा गया है- क्या आप इसे सुन सकते हैं यह हमारे चिल्लाने की आवाज है। स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 4 वॉल्यूम वन 27 मई को आ रहा है। स्ट्रेंजर थिंग्स साइंस फिक्शन हॉरर सीरीज है। चौथे सीजन में कुल 9 एपिसोड्स होंगे। दूसरा वॉल्यूम जुलाई में रिलीज किये जाने की खबर है। स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 4 का ट्रेलर आने से इस सीरीज के फैंस काफी उत्साहित हैं और सोशल मीडिया के जरिए अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर एक फैन ने लिखा कि जब से ट्रेलर आया है, मैं चिल्ला रहा हूं। कुछ फैंस ने लिखा कि देखकर रोंगटे खड़े हो गये। एक फैन ने उम्मीद जतायी कि यह सीजन सारे रिकॉर्ड्स ब्रेक करेगा। एक अन्य फैन ने लिखा कि इसे ट्रेलर कहते हैं। ऐसा ट्रेलर, जिसका मैंने लम्बे वक्त तक इंतजार किया। कुछ फैंस ने इस पर मायूसी जतायी कि सीजन एक साथ रिलीज नहीं किया जा रहा है। सीरीज में मिली बॉबी ब्राउन, फिन वोल्फहार्ड, नोआ शैन्प, गेटन मैटेराजो, कैलेब मैकलॉफलिन, डेविड हार्बर, विनोना रायडर, सैडी सिंक, चार्पी हीटन और नैटली डायर अहम किरदारों में हैं। स्ट्रेंजर थिंग्स का पहला सीजन 2016 में आया था। दूसरा सीजन 2017 और तीसरा 2019 में आया था। तीनों सीजन काफी पसंद किये गये थे। पहले सीजन में आठ, दूसरे और तीसरे सीजन में नौ-नौ एपिसोड्स हैं, जो नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध हैं। तीनों सीजन हिंदी डबिंग के साथ मौजूद हैं।

# अधीरा और रॉकी भाई के बीच होगी वर्चस्व की लड़ाई, रिलीज से पहले जानें फिल्म की स्टार कास्ट

**नई दिल्ली।** साल 2018 में आई कनन्ड़ फिल्म 'केजीएफ' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया था और अब इसकी अगली कड़ी 'केजीएफ चैप्टर 2' आ रही है। जिसने लोगों को सुपर एक्साइटेड कर दिया है। हर कोई जानने को उत्सुक है कि गरूड़ा की डेथ के बाद क्या हुआ, फिल्म के लीड हीरो




यश के कोलार गोल्ड फील्ड (ख्इ) का किंग बनने के बाद क्या हुआ। इसके साथ ही फिल्मे में कुछ नए दमदार कैरेक्टर्स भी एंट्री कर रहे हैं, जो ट्रेलर आते ही छा गए हैं। यहां आज हम 'केजीएफ चैप्टर 2' की स्टार कास्ट और दिलचस्प किरदारों के बारे में बात करेंगे। 'केजीएफ चैप्टर 2' का सबसे बड़ा सरप्राइज संजय दत्त हैं, वह फिल्म में मुख्य विलेन अधीरा के किरदार में नजर आएंगे। पार्ट वन में अधीरा का सिर्फ नाम सुना गया था, जो पूरे केजीएफ पर राज करता है। इसलिए उनके कैरेक्टर को लेकर दर्शकों के बीच काफी बज बना हुआ। पार्ट 2 मे वह रॉकी भाई से अपना केजीएफ वापस लेने आएगा और दोनों के बीच खतरनाक मुकाबला देखने को मिलेगा, क्योंकि दोनों ही बराबर के प्रतिद्वंदी है और कोई भी झुकने को तैयार नहीं है। रवीना टंडन इस फिल्म में पहली बार नजर आएंगी। वह 1980 के दौरान की देश की धाकड़ प्रधानमंत्री के रूप में दिखाई देंगी। चैप्टर 2 मे वह पॉलिटिकल पावर का इस्तेमाल करते हुए रॉकी को चैलेंज करती हुई नजर आएंगी। पार्ट वन की तरह ही यश गैंगस्टर रॉकी भाई की भूमिका में हैं। लेकिन इस बार वह फैंस को ज्यादा एंटरटेन करते नजर आएंगे। पार्ट वन में 'केजीएफ' के बेरहम रखवाले गरूड़ा को मारने के बाद वह वहां पर काम करने वाले मजदूरों के मसीहा के रूप में उभर कर आएंगे। इसके साथ ही वह कोलार गोल्ड माइन के नए मालिक और एक ताकतवर स्मगलर के किरदार में आगे बढ़ते हुए दिखेंगे।

# ऐश्वर्या राय बच्चन के बचपन की तस्वीर हुई वायरल, यूजर्स ने बेटी आराध्या को बताया मां की कार्बन कॉपी

**नई दिल्ली।** मिस वर्ल्ड और दुनिया की सबसे खूबसूरत महिलाओं में से एक बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन की खूबसूरती की लोग तारीफ करते नहीं थकते हैं। ऐश्वर्या राय बच्चन सोशल मीडिया पर कम ही एक्टिव हैं, लेकिन वह जब भी अपनी कोई तस्वीर पोस्ट करती हैं तो वह तुरंत ही सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती है। हाल ही में ऐश्वर्या राय बच्चन की एक बचपन की तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। इस तस्वीर में एक्ट्रेस बेहद प्यारी लग रही हैं। ऐश्वर्या की इस तस्वीर में आराध्या की झलक देखने को मिल रही है। ऐश्वर्या राय बच्चन की ये थ्रोबैक तस्वीर एक विज्ञापन शूट की है। जिसमें उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में काम किया था। यह एक पेंसिल का एड है, जिसमें ऐश्वर्या गाल पर एक पेंसिल के साथ पोज करती हुई नजर आ रही हैं। उन्होंने कॉलर वाली क्रीम शर्ट पहनी हुई है और बालों में क्रीम रंग का मैचिंग हेयर बैंड लगाया हुआ है। हमेशा की तरह ऐश्वर्या राय बच्चन की यह मुस्कुराती हुई तस्वीर बहुत ही प्यारी लग रही है। ऐश्वर्या राय की यह तस्वीर जैसे ही इंटरनेट पर वायरल हुई, लोगों ने उनकी बेटी आराध्या बच्चन की तुलना उनसे करनी शुरू कर दी। आराध्या बच्चन की उनकी मां ऐश्वर्या राय बच्चन से तुलना करते हुए फैन्स ने कमेंट में कहा कि आराध्या अपने घर के किसी और मेंबर पर नहीं



बल्कि अपनी मां ऐश्वर्या पर गई हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'क्या बात है, इनकी बेटी तो पूरी इनकी कार्बन कॉपी है। दूसरे यूजर ने लिखा, 'आराध्या बच्चन में उनकी मां ऐश्वर्या राय बच्चन की छवि दिखती है। अन्य यूजर ने लिखा, 'वाऊ आराध्या बिलकुल अपनी मां की तरह ही है। फैन्स को ऐश्वर्या के बचपन की ये वायरल तस्वीर खूब पसंद आ रही है। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन साल 2007 में शादी के बंधन में बंधे थे। शादी के चार साल के बाद 2011 में ऐश्वर्या राय बच्चन ने आराध्या को जन्म दिया। ऐश्वर्या राय के आगामी प्रोजेक्ट की बात करें तो वह मणिरतन्म की फिल्म 'पीएस-1' में नजर आएंगी। यह फिल्म 2023 में रिलीज होगी, जिसे दो भागों में रिलीज किया जाएगा।

# श्वेता तिवारी ने 41 साल की उम्र में अपनी कातिल अदाओं से दी बेटी पलक को मात वीडियो देख यूजर ने कहा, 'बेबी डॉल'

**नई दिल्ली।** 'कसौटी जिंदगी की' फेम श्वेता तिवारी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। श्वेता अपने दम पर इंडस्ट्री में एक खास पहचान बनाई है। 'कसौटी जिंदगी की' में प्रेरणा के अहम किरदार से श्वेता को काफी पॉपुलेटिरी मिली थी। अबतक श्वेता कई टीवी शोज के साथ भोजपुरी फिल्मों और बॉलीवुड में आइटम नंबर भी कर चुकी हैं। इसी के साथ ही श्वेता तिवारी 'बिग बॉस' की ट्रॉफी भी अपने नाम कर चुकी हैं। एक्टिंग के साथ श्वेता सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव



रहती हैं। वह अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरों के जरिए फैंस को क्रेजी बनाती रहती हैं। इसी बीच श्वेता की लेटेस्ट वीडियो इंटरनेट पर वायरल रहा है। यहां देखें श्वेता तिवारी का वीडियो।

# पायल रोहतगी से लड़ाई के बाद शिवम शर्मा ने की ऐसी हरकत

**नई दिल्ली।** कंगना रनोट का विवादित शो 'लॉकअप' हर दिन के साथ और भी दिलचस्प होता जा रहा है। उनकी अत्याचारी जेल में जहां कई कंटेस्टेंट अपनी निजी जिंदगी के बारे में खुलासा करके दर्शकों को हैरान कर रहे हैं, तो वही जेल में बंद सेलिब्रिटी कैदी भी एक-दूसरे के प्रति कई अपशब्दों का प्रयोग करते हुए नजर आ रहे हैं और एक-दूसरे पर जमकर इल्जाम लगा रहे हैं। हाल ही में लॉकअप में बंद पायल रोहतगी और शिवम शर्मा के बीच जमकर



झगड़ा हुआ, जिसके बाद शिवम ने ऐसी हरकत की जिसे देखकर लोगों ने उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया। ऑल्ट बालाजी ने हाल ही में शिवम शर्मा का एक वीडियो अपने इन्स्टाग्राम पर पोस्ट किया। इस वीडियो में पायल रोहतगी से लड़ाई के बाद शिवम शर्मा चार्जशीट पर लगी तस्वीर पर टिश्यू पेपर लगाते हुए नजर आ रहे हैं। शिवम ये कहते हुए नजर आ रहे हैं कि वह पॉटी करके गन्दा टिश्यू पेपर पायल की तस्वीर पर लगाएंगे। शिवम अन्दर जाते हैं और गन्दा टिश्यू पेपर लाकर चार्जशीट पर लगी पायल की तस्वीर पर लगा देते हैं। जहां एक तरफ कुछ घरवाले शिवम की इस हरकत को एन्जॉय करते दिखाई दिए और हंसते नजर आए, तो वहीं मंदाना ने उन्हें चार्जशीट पर गंदा टिश्यू पेपर लगाने के लिए मना किया। शिवम की ये हरकत कुछ लोगों को बिलकुल भी पसंद नहीं आई और उन्हें ट्रोल किया गया। पायल रोहतगी की तस्वीर पर इस तरह से गन्दा टिश्यू पेपर लगाने के लिए लोगों ने उन्हें खूब ट्रोल किया। एक यूजर ने शिवम को ट्रोल करते हुए लिखा, 'नीच हरकत है ये'। दूसरे यूजर ने लिखा, 'भले ही वह(पायल रोहतगी) कितनी भी बुरी है, लेकिन इस तरह की हरकत को स्वीकारा नहीं जा सकता'। अन्य यूजर ने लिखा, 'मुझे पता है कि तुमने ये असली में नहीं किया होगा, लेकिन ये भाषा और ये हरकत बहुत ही बुरी है, बैड एस करने ऐसे नहीं बोला था कंगना ने'। इस बीच जहां कुछ यूजर्स सोशल मीडिया पर पायल रोहतगी को अपना समर्थन देते हुए नजर आए।हाल ही में घर में शिवम और पायल के बीच खूब झगड़ा हुआ। शिवम ये कहते हुए दिखाई दिए कि पायल जी खाना बनाने के चक्कर में और बर्तन एड कर रही हैं और मैं इतने बर्तन नहीं धोऊंगा। जिसे सुनने के बाद पायल रोहतगी ने शिवम को 'नमक हराम' कहा, जिसे सुनकर शिवम का पारा चढ़ गया। इसके बाद दोनों के बीच जमकर झगड़ा हुआ और शिवम शर्मा पायल रोहतगी के बॉयफ्रेंड संग्राम सिंह पर निशाना साधते हुए नजर आए। लेकिन इसके कुछ समय बाद ही शिवम बर्तन धोते हुए फूट-फूटकर रोने लगे।

# बेहतरीन एक्टर के साथ शानदार इंसान हैं सतीश कौशिक, सिर्फ इस खास वजह से बेस्ट फ्रेंड नीना गुप्ता से करना चाहते थे शादी

**नई दिल्ली।** सतीश कौशिक बॉलीवुड सिनेमा का एक बड़ा नाम है। वह न केवल शानदार कॉमेडियन अभिनेता हैं, बल्कि निर्माता-निर्देशक भी हैं। सतीश कौशिक ने फिल्मों में जितना बेहतरीन अभिनय किया है, उतने ही बेहतरीन तरीके से उन्होंने फिल्मों के निर्देशन भी किए हैं। सतीश कौशिक का जन्म 13 अप्रैल 1956 को हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में हुआ था। उन्होंने अपनी पूरी पढ़ाई



हरियाणा और दिल्ली से ही की थी। सतीश कौशिक ने अभिनय का पढ़ाई एफटीआईआई और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा जैसे संस्थानों से की है। सतीश कौशिक ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत बतौर सह निर्देशक और कलाकारों के तौर की थी। वह साल 1983 में आई शेखर कपूर की फिल्म 'मानसून' में सह निर्देशक थे। इस फिल्म में सतीश कौशिक ने अभिनय भी किया था। इसके बाद उन्होंने कल्ट फिल्म 'जाने भी दो यारों' में अभिनय किया। इस फिल्म का उन्होंने सह निर्देशन और फिल्म के डायलॉग भी लिखे थे। बतौर निर्देशक सतीश कौशिक के डेब्यू फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' थी, जिसमें अनिल कपूर और श्रीदेवी ने काम किया था। इसके बाद सतीश कौशिक ने 'हम आपके दिल में रहते हैं', 'तेरे नाम', 'शादी से पहले' और 'कागज' सहित कई शानदार फिल्मों का निर्देशन किया। बेहतरीन निर्देशक के अलावा सतीश कौशिक बेहतरीन कॉमेडियन कलाकार भी हैं। उन्होंने अभिनेता गोविंदा के साथ कई फिल्मों में कॉमेडी किरदार कर खूब सुर्खियां बटोरी हैं। सतीश कौशिक जितने शानदार कलाकार हैं, उतने ही बेहतरीन इंसान भी हैं। वह हमेशा से अपने दोस्तों के लिए खड़े होते रहे हैं। यही वजह थी कि उन्होंने अपनी सबसे अच्छी दोस्त नीना गुप्ता का उनके सबसे बुरे वक्त में साथ दिया था। सतीश कौशिक ने नीना गुप्ता को शादी करने के लिए प्रपोज किया था। यह बात उस समय की है जब नीना गुप्ता बेटी मसाबा को लेकर प्रेगनेंट थीं और वह अपने बुरे वक्त से लड़ रही थीं। इस बात का जिक्र नीना गुप्ता ने अपनी बायोग्राफी 'सच कहूं तो' किया है। वहीं इस पूरे मामले पर एक इंटरव्यू में सतीश कौशिक ने कहा था, 'हम लोग 1975 से दोस्त हैं, और तब से अब तक हमारी दोस्ती मजबूत है। हम एक दूसरे को नैंसी और कौशिकन बुलाते हैं। मैं उनके परिवार को भी जानता हूं। हम दोनों करोल बाग में आसपास ही रहते थे, दिल्ली यूनिवर्सिटी में भी साथ थे और थिएटर में भी एक्टिव थे। हमने साथ में 'जाने भी दो यारो', 'मंडी' और 'तेरे संग' जैसी कई फिल्में कीं। हालांकि अपने संघर्ष में हम बिजी हो गए, लेकिन जब भी हम मिलते थे तो पुरानी यादें ताजा हो जाती थीं।' सतीश कौशिक ने आगे कहा था, 'जिस तरह नैंसी ने अपनी जिंदगी की मुश्किलों का सामना किया है, मैं इसके लिए हमेशा उनकी सराहना करता हूं। उन्होंने बहुत बहादुरी से अपनी जिंदगी की चुनौतियों का सामना किया है, खासकर तब जब वह मसाबा के वक्त प्रेग्नेंट थीं। मैं उनकी इस बात के लिए सराहना करता हूं कि एक लड़की ने शादी के बिना बच्चे को जन्म देने का फैसला लिया। उस वक्त एक सच्चे दोस्त की तरह मैं बस उनके साथ खड़ा रहा और उन्हें भरोसा दिया।' दिग्गज अभिनेता ने कहा था, 'मै उन्हें लेकर बहुत चिंतित था और उन्हें अकेला महसूस नहीं होने देना चाहता था। इसलिए तो दोस्त होते हैं न जैसा कि किताब में लिखा है कि मैंने उन्हें शादी के लिए प्रपोज किया। उस वक्त बहुत मिक्स फीलिंग थी। उसमें मजाक, फिर्क, सम्मान और सपोर्ट था। मैंने अपनी बेस्ट फ्रेंड को उस वक्त सपोर्ट किया जब उसे जरूरत थी। मैंने उससे कहा था कि मै हूं न तू चिंता क्यों करती है यह सुनकर वह मुड़ी और मुझे देखकर उसकी आंखों में आंसू आ गए।

# बिग बॉस ओटीटी फेम मिलिंद गाबा ने गर्लफ्रेंड प्रिया बेनीवाल से की सगाई सेरेमनी में शामिल हुए कई सितार

**नई दिल्ली।** पंजाबी सिंगर मिलिंद गाबा आज म्यूजिक इंडस्ट्री का बड़ा नाम है। उन्होंने यार मोड़ दो से लेकर तेरी यारी जैसी कई सुपरहिट गाने उन्होंने गाए। सिंगिंग में अपने कदम जमाने वाले सिंगर मिलिंद बिग बॉस ओटीटी में नजर आए थे।



हालांकि वह जल्द ही इस शो से आउट हो गए, लेकिन इस शो के जरिए उन्होंने लोगों के दिलों में एक अलग जगह बनाई। ये हम आपको पहले ही बता चुके हैं कि मिलिंद गाबा जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। अब हाल ही में उनकी सगाई की कई तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें वह एक-दूसरे के साथ रिंग चेंज कर सगाई के बंधन में बंध गए हैं। सिंगर मिलिंद गाबा और उनकी मंगेतर प्रिया बेनीवाल की सगाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इन तस्वीरों में प्रिया जहां ग्रे रंग के हैवी लहंगे में बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं, तो वही मिलिंद गाबा भी ब्लैक प्रिंटेड सूट में काफी हैंडसम लग रहे हैं। मिलिंद गाबा और प्रिया ने दिल्ली में अपनी सगाई का ग्रैंड आयोजन किया। इनकी सगाई के मौके पर कई सितारे इस कपल को बधाई देने के लिए पहुंचे। जहां दोनों की रिंग एक्सचेंज होने के बाद एक संगीत समारोह भी हुआ। इन दोनों की सगाई को अटेंड करने के लिए मीका सिंह, गुरु रंधावा, प्रिंस नरूला, सुय्यश राय, सपना चौधरी सहित कई बड़े सितारे पहुंचें। मिलिंद गाबा ने स्टेज पर खूब डांस किया और साथ ही अपने दोस्तों के साथ धमाल किया। मिलिंद गाबा और प्रिया बेनीवाल 16 अप्रैल 2022 को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। दोनों की शादी से पहले दोनों का बहुत ही धूमधाम से प्री-वेडिंग फंक्शन होने वाला है, जहां सगाई के बाद अब 14 अप्रैल को दोनों ही हल्दी और मेहंदी की रस्म होगी। मिलिंद गाबा और प्रिया बेनीवाल की शादी की सभी रस्में पंजाबी रीति-रिवाजों के साथ होने वाली है। रिपोर्ट्स की मानें तो इन दोनों की शादी दिल्ली एनसीआर में ही होने वाली है। सिंगर मिलिंद गाबा की गर्लफ्रेंड प्रिया बेनीवाल फेमस यूट्यूबर हर्ष बेनीवाल की बहन हैं। हर्ष 'स्टूडेंट ऑफ द इयर 2' में नजर आ चुके हैं। हर्ष की तरह उनकी बहन प्रिया बेनीवाल भी सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं। वह एक फैशन इन्फ्लुयूएन्सर हैं और साथ ही फेमस यूट्यूबर हैं। मिलिंद गाबा और प्रिया बेनीवाल काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों अक्सर साथ में अपनी कई खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं।

# मंदाना करीमी के बयान पर एक्स हस्बैंड गौरव गुप्ता के भाई ने दी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** मंदाना करीमी कंगना रनोट के विवादित शो 'लॉकअप' में जब से आई हैं तब से अपनी



निजी जिंदगी को लेकर ऐसे-ऐसे खुलासे कर रही हैं, जिसे सुनकर दर्शक भी हैरान हो गए हैं। एक तरफ जहां उन्होंने अपने एक्स हसबैंड गौरव गुप्ता पर कई गंभीर आरोप लगाए, तो वही हाल ही में खुद को एलिमिनेशन से सुरक्षित करने के लिए मंदाना ने अपने सीक्रेट पर से पर्दा उठाया था कि एक नामी निर्देशक के साथ उनका अफेयर था और जिससे वह प्रेगनेंट हो गई थी। लेकिन अब मंदाना करीमी द्वारा 'लॉकअप' में पति गौरव गुप्ता पर लगाए गए सभी आरोपों का मंदाना के देवर गौतम ने खंडन करते हुए अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। मंदाना करीमी के आरोपों पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए गौतम गुप्ता ने ई टाइम्स को दिए इंटरव्यू में कहा, 'अगर हम मंदाना के बारे में बात करें तो कि उन्होंने शादी के बाद गौरव के साथ क्या किया, लेकिन हम हमारे परिवार का तमाशा नहीं बनाना चाहते हैं। जब लोग आप के लिए अभद्र भाषा का उपयोग कर रहे है और आरोप लगा रहे है तो उस पर रिएक्ट ही क्यों करना है'। जब गौतम से ये पूछा गया कि गौरव से शादी के बाद आपके परिवार ने उन्हें स्वीकार किया था तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा, 'गलतियां हो सकती हैं, लोग गुमराह हो जाते हैं। लेकिन भगवान का शुक्र है कि कुछ भी बड़ा होने से पहले ये खत्म हो गया'। मंदाना के देवर गौतम यही पर शांत नहीं हुए। उन्होंने मंदाना के गौरव पर लगाए गए चीटिंग के आरोप को भी बकवास बताया और साथ ही ये भी क्लियर किया कि गौरव को अब मंदाना की कुछ नहीं पड़ी है।

# पति आनंद आहूजा की बाहों में नजर आई प्रेग्नेंट सोनम कपूर, बेबी बंप में एक्ट्रेस का दिखा रोमांटिक अंदाज

**नई दिल्ली।** सोनम कपूर इन दिनों अपने प्रेगनेसी फेज को काफी एन्जॉय कर रही हैं। उन्होंने जबसे अपनी प्रेगनेंसी की घोषणा की है, तबसे वह लगातार सोशल मीडिया पर अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए एक से बढ़कर एक तस्वीरें शेयर कर रही हैं। उनकी ये तस्वीरें फैन्स को खूब पसंद आ रही है। हाल ही में सोनम कपूर ने अपने पति आनंद आहूजा के साथ बहुत ही खूबसूरत तस्वीर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की, जिसे देखने के बाद बॉलीवुड सितारों के साथ-साथ फैन्स जमकर अभिनेत्री पर प्यार लुटा रहे हैं। सोनम कपूर द्वारा शेयर की गई इन लेटेस्ट तस्वीरों में अभिनेत्री व्हाइट और क्रीम रंग की सिम्पल फ्रॉक में काफी खूबसूरत लग रही हैं। वह अपने पति आनंद आहूजा की बाहों में काफी कंफर्टेबल दिखाई दे रही हैं। जहां सोनम प्यार से आनंद आहूजा की बाहों में सुकून से आंख बंद करके लेटी हुई नजर आ रही हैं, तो वही दूसरी तरफ पति आनंद आहूजा की नजरें भी अपनी पतनी से नहीं हट रही हैं। आनंद आहूजा सोनम को देखकर मुस्कुरा रहे हैं। पहली तस्वीर में जहां दोनों ने एक-दूसरे का हाथ थामा हुआ है, तो वही दूसरी तस्वीर में वह बेबी बंप पर हाथ रखे हुए नजर आ रहे हैं।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?


**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य








अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह










एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रस्तावित व्यवसायों में अगस्त 2021में प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर्स, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कन्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया में प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय में सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

**visit us at : www.nainiiti.com**

प्रवेश कार्यालय :- तुलसीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करे :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274